हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 20 अगस्त 2025



श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## जिला कार्यकारिणी: महामंत्री के लिए रविंद्र, मूलचंद और रोहित, कोषाध्यक्ष के लिए आलोक, लोहिया-भावेश के नाम, महिलाओं को भी मिलेगा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

मंडलों की कार्यकारिणी जारी होने के बाद अब जिला भाजपा अपनी टीम बनाने की जद्दोजहद में जुट गई है। महत्वपूर्ण पदों के लिए तीन-तीन नाम का पैनल बनाकर प्रदेश संगठन को सौंपा गया है। इनमें जिला महामंत्री, कोषाध्यक्ष जैसे पद शामिल हैं। इसके अलावा जिला भाजपा की टीम में भी महिलाओं, ओबीसी, एसटी और एससी वर्ग को स्थान देने के फार्मूले के तहत ही सूची तैयार की जा रही है।

बताया गया की अगले एक से डेढ़ सप्ताह में घोषणा कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में भाजपा अपनी टीम तैयार करने का काम पूरा करने जा रही है। मंडल, जिला से लेकर प्रदेश की टीम भी इस महीने ही तैयार कर जारी कर दी जाएगी। कई जिलों में कार्यकारिणी जारी भी हो चुकी है, लेकिन जिन जिलों में अब तक नाम फाइनल नहीं हो पाए हैं, वहां भी 20 अगस्त से पहले तक सूची फाइनल कर ली जाएगी। बताया गया कि शीर्ष नेताओं से रायशुमारी के बाद सूची जारी करने का काम भी शुरू कर दिया जाएगा। राजनांदगांव जिले की भाजपा कार्यकारिणी भी इस महीने के अंतिम सप्ताह से पहले जारी हो सकती है। दावेदार अपनी-अपनी दावेदारी संगठन के नेताओं के पास ठोक रहे हैं। हर दावेदार अपनी-अपनी उपलब्धि का बायोडेटा संगठन के सामने रख भी रखे हैं।

### जिले से पैनल बनाकर लिस्ट भेजी, प्रदेश स्तर से जारी होगी सूची

#### इन नामों पर चल रहा विचार

ज्ञात हो कि भाजपा ने जिला अध्यक्ष के साथ ही एक महामंत्री के तौर पर सौरभ कोठारी के नाम की घोषणा पहले ही कर दी है। ऐसे में शेष एक और महामंत्री पद के लिए भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तीन नाम रेस में आगे है। इनमें रविंद्र वैष्णव, मूलचंद लोधी और रोहित चंद्राकर, हिरेंद्र साहू के नाम शामिल हैं। ऐसे ही महत्वपूर्ण जिला भाजपा कोषाध्यक्ष पद के लिए वर्तमान कोषाध्यक्ष आलोक बिंदल, संजय लोहिया, मनीष गोलछा सहित भावेश बैद के नाम शामिल हैं।



#### दो महामंत्री, कार्यकारिणी में 45 सदस्य

मिली जानकारी के अनुसार जिला भाजपा की टीम में जिला अध्यक्ष के अलावा दो महामंत्री, एक कोषाध्यक्ष, अधिकतम चार उपाध्यक्ष, पांच मंत्री, मीडिया प्रभारी, कार्यालय प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी बना सकेगा। इनमें कम से कम चार महिला के साथ एक एसटी-एससी वर्ग से नाम शामिल करना होगा। जिला भाजपा कार्यकारिणी में अधिकतम 45 सदस्य होंगे। जिनमें 15 महिलाएं एवं चार एसटी-एससी वर्ग से रखने अनिवार्य रखा गया है।

#### भाजयुमो, महिला मोर्चा भी

इस महीने ही जिला भाजपा की टीम तैयार करने के बाद भाजपा अपने युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, व्यापारी प्रकोष्ठ, एसटी-एससी मोर्चा जैसे पदों पर भी नियुक्ति करने का काम करेगी। सूत्रों के अनुसार भाजयूमों में वर्तमान अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह को उनके सफल कार्यकाल को देखते हुए को रिपीट भी किया जा सकता है। हालांकि उन्हें प्रदेश भाजयूमो टीम में महत्वपूर्ण स्थान दिया जा सकता है। ऐसे में उनके अलावा प्रखर श्रीवास्तव, नीरज यादव और पींटू वर्मा जैसे नाम नए अध्यक्ष के लिए दौड़ में है।

### खबर संक्षेप

#### प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 24 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा द्वारा प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी बैठक 17 अगस्त को दुधाधारी मठ सत्संग भवन रायपुर में आयोजित हुआ। बैठक में राजनांदगांव से प्रदेश सलाहकार देवकुमार निर्वाणी, जिला संरक्षक महेंद्र वैष्णव, जिलाध्यक्ष संतोष वैष्णव, जिला महासचिव संदीप वैष्णव, जिला संयोजक विश्वास वैष्णव शामिल हुए।
बैठक में प्रदेश सलाहकार देवकुमार निर्वाणी ने कहा कि प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में व्यय सामाजिक कोष से वहन न करते निजी रूप से पदाधिकारी अपने-अपने राशि दान कर उक्त कार्यक्रम को सफल बनाए। प्रदेश सचिव राकेश दास वैष्णव द्वारा 24 अगस्त को होने वाली प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम की तैयारी की जानकारी दी।

### माय एंगल




### पोर्टल में पंजीयन के बाद मिलेगी सभी योजनाओं की सुविधा एक जगह

## धान बेचने से पहले एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य,10 हजार किसान शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव


संभवतः नवंबर महीने से शुरू होने वाली धान खरीदी से पहले किसानों को अपना एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराना होगा। राज्य शासन ने समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों के लिए 31 अक्टूबर से पहले तक फार्मर आईडी बनवाना अनिवार्य किया गया है। बिना पंजीयन किसान न तो सहकारी समिति में धान बेच सकेंगे और न ही प्रधानमंत्री किसान समान निधि या फसल बीमा जैसी योजनाओं का लाभ उठा पाएंगे।

यही कारण है कि जिले में लगभग 90 फीसदी किसानों ने अपना पंजीयन करा लिया है। अब दस हजार के करीब किसान ही पंजीयन के लिए बचे हुए हैं। ऐसे में इन किसानों को भी जल्द पंजीयन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने एग्रीस्टेक परियोजना के अंतर्गत किसानों के लिए नई डिजिटल व्यवस्था लागू की है। जिसमें धान बिक्री से लेकर सरकारी योजनाओं तक की पात्रता सीधे फार्मर आईडी पंजीयन से जुड़ी होगी। इस व्यवस्था के तहत प्रत्येक पंजीकृत किसान को 11 अंकों की एक यूनिक डिजिटल पहचान दी जाएगी, जो भविष्य की योजनाओं में आधारभूत दस्तावेज के रूप में कार्य करेगी, लेकिन सर्वर सहित अन्य समस्याओं के चलते समय पर किसानों की आईडी पंजीयन नहीं हो पा रही है। च्वाईस सेंटर से तहसील, वहां से बैंक में आवेदन फॉरवर्ड होने के बाद कृषि विभाग में जाता है।

#### खास बातें

- सितंबर के अंत से पहले पंजीयन पूरा करने में जुट गया प्रशासन
- पंजीयन के बाद मिलेगी किसानों को 11 अंक की डिजीटल आईडी



#### इन कारणों से आ रही समस्या

मिली जानकारी के अनुसार किसानों के पंजीयन में कुछ समस्या भी आ रही है। जिनमें ज्वाईंट खाता होने पर पोर्टल में पंजीयन का ऑप्सन नहीं आ रहा। आधार कार्ड में नाम और खातों में अक्षर गलत होना भी पंजीयन में बाधा बन रहा है। पिछले दो साल से नामांतरण, खाता-विभाजन के कारण संशोधित हुए खातेदार एवं समान नाम वाले गांव का डाटा की अदली-बदली होने से भी किसानों के पंजीयन में दिक्कतें देखने को मिल रही है। हालांकि इसमें जल्द सुधार कर लिए जाने की बात कही जा रही है।

#### मुफ्त में होगा पंजीयन

किसान अपने नजदीकी लोक सेवा केंद्र यानि सीएससी सेंटर, सहकारी समिति या सीधे एग्रीस्टैक पोर्टल के जरिये खुद भी पंजीयन कर सकते हैं। पंजीयन पूरी तरह मुफ्त है और इसके बाद किसानों को 11 अंकों की यूनिक फार्मर आईडी दी जाएगी। यह आईडी प्रदेश के अलावा केंद्र सरकार द्वारा संचालित सभी सरकारी योजनाओं और सहायता के लिए डिजिटल पहचान का काम करेगी। यही कारण है कि सरकार भी पंजीयन के दायरे को बढ़ाने पर जोर दे रही है। पंजीयन के लिए किसानों को बी-1 खतौनी, ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड और आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ रखना होगा।

#### पिछले साल 125611 ने बेचा था धान

सरकारी आंकड़ों के अनुसार राजनांदगांव जिले में पिछले साल कुल 125611 किसानों ने सरकार को समर्थन मूल्य पर धान बेचा था। इनमें से अब तक 115118 किसानों ने एग्रीस्टेक पोर्टल में अपना पंजीयन करा लिया है। वहीं 10493 किसान अब भी शेष हैं। ज्ञात हो पिछले साल खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के 67266 और मोहला-मानपुर-चौकी जिले के 41110 किसानों ने धान बेचा था।

## तीन वर्षों से नहीं मिल रहा चना फसल बीमा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम धनडोंगरी और खुरमुड़ी के किसानों को चना फसल बीमा की क्षतिपूर्ति राशि नहीं दी जा रही है। जिसको लेकर दोनों गांव के सैकड़ों किसानों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर फसल बीमा राशि दिलाए जाने की मांग की है।

रबी सीजन में चने की फसल लेने वाले किसानों को चना फसल बीमा का लाभ नहीं मिल रहा है। जिसको लेकर डोंगरगढ़ क्षेत्र के दो गांव के किसान फसल बीमा से वंचित हो रहे हैं। किसानों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर फसल बीमा राशि देने की मांग कलेक्टर के नाम ज्ञापन के माध्यम से की है। किसानों ने कहा कि इस वर्ष चना फसल बीमा राशि दिया जाना था, जो अब तक नहीं दिया गया है। उन्होंने वर्ष 2024-25 की चना फसल बीमा राशि देने की मांग की है। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे खुड़मुड़ी के किसानों ने कहा कि चना की अनावरी रिपोर्ट बनाने पटवारी स्वयं न आकर किसी और व्यक्ति को रिपोर्ट बनाने भेजा था। जिसकी वजह से किसानों में पटवारी के खिलाफ भी रोष है। चना फसल बीमा राशि देने की मांग करने पहुंचे ग्राम खुड़मुड़ी के किसान मोरध्वज वर्मा ने कहा कि सिर्फ उनके गांव को छोड़कर आसपास के सभी गांव में बीमा दिया गया है। उन्होंने कहा कि अन्य गांव में अनावरी ज्यादा होने के बाद भी बीमा दिया जा रहा है। जबकि खुड़मुड़ी में अनावरी कम होने के बाद भी बीमा का लाभ नहीं मिल रहा है।

**नहीं दी जा रही सर्वे सूची :** किसानों के साथ पहुंचे जनपद सदस्य महेश सेन ने बताया कि बीते 3 वर्षों से ग्राम पंचायत धनडोंगरी के किसानों को चना फसल बीमा नहीं दिया जा रहा है। जबकि आसपास के गांव के लोगों को फसल बीमा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनके हक की राशि मिलना चाहिए। जनपद सदस्य ने कहा कि संबंधित विभाग द्वारा बीमा की सर्वे सूची भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। जिसको लेकर किसानों में नाराजगी है।

## डॉ. निरेन्द्र बने साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष

### पहली बार मिला जिले को नेतृत्व का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



प्रदेश के बड़े सामाजिक संगठन में शुमार छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ की कमान पहली बार जिले के डॉ. नीरेंद्र साहू को संभालने का मौका मिला है। गत दिनों हुए संघ के चुनाव में डां साहू अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचन के बाद श्री साहू कल 20 अगस्त को आने वाले हैं जिनके भव्य स्वागत की तैयारी सामाजिक जनों द्वारा की गई है।

जानकारी के अनुसार निर्वाचन अधिकारी रूपेश कुमार साहू के समक्ष अध्यक्ष पद के लिए 12 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था जिसके बाद समाज के संरक्षक सक्रिय हुए और सभी अभ्यर्थियों से चर्चा कर चुनाव को निर्विरोध कराने की कोशिश की। इस कोशिश के बाद 11 अभ्यर्थियों ने नामांकन वापस लिया और इस तरह डॉ. नीरेंद्र साहू निर्विरोध अध्यक्ष बने।

**कर्मचारियों-अधिकारियों से सतत संपर्क**

श्री साहू वेटनरी चिकित्सक रहने के दौरान तहसील तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रथम अध्यक्ष भी रहे। वह पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के 25 वर्षों तक निर्विरोध अध्यक्ष रहे। बाद में पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के प्रांताध्यक्ष भी निर्वाचित हुए। ऐच्छिक सेवा निवृत्त के बाद नेत्र शिविर, पौधरोपण, जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करते रहे हैं।

#### डॉक्टर के बाद बने समाज के मुखिया

डोंगरगांव निवासी डां साहू वेटनरी चिकित्सक रह चुके हैं। उन्होंने वीआरएस लेकर भाजपा की राजनीति में कदम रखा और वह वर्तमान में जिला भाजपा महामंत्री के तौर पर कार्य कर रहे हैं। गौरतलब है कि प्रदेश साहू संघ का गठन 1960 में हुआ था। शुरुवाती कार्यकाल के लिए पदाधिकारियों का निर्वाचन सर्वसम्मति से हुआ था। इससे पहले 1995 में भी निर्विरोध चुनाव हुआ था। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष श्री साहू इससे पहले जिला अध्यक्ष का दायित्व संभाल चुके है। उनके कार्यकाल में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन, कर्मा रथ, सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन किया गया। श्री साहू ने लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे है। वह प्रदेश महामंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष रह चुके हैं।

## लड़ाई-झगड़ा कर शांतिभंग 3 पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव




शहर में अपराधों पर रोकथाम हेतु असामाजिक तत्वों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत शांतिभंग होने का अंदेशा पर 3 लोगों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत अनावेदक मोनू उर्फ गोपन्द्र साहू 25 साल व मनीष उर्फ विशाल यादव 24 साल दोनों निवासी खुटापारा का बस स्टैंड डोंगरगढ़ के पास लड़ाई-झगड़ा कर शांतिभंग कर रहे थे। इसी प्रकार अनावेदक शुभम कोलहाटकर 30 साल निवासी कंडारापारा जिसके विरूद्ध हाल ही में धारा- 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया था, आज दिनांक को गवाहों को डरा-धमकाकर शांतिभंग कर रहा था एवं मारने-पीटने पर उतारू हो गया था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां पुलिस के समझाने पर भी नहीं मानने पर अनावेदकगण के विरूद्ध धारा- 170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया गया है। पुलिस के मुताबिक थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा लगातार आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों, बदमाशों, असामाजिक तत्वों, संदेहियों पर नजर रख रही है, यदि कोई थाना क्षेत्र में शांतिभंग करता है या कोई अपराध घटित करता है तो उस पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
24 घंटे आपात चिकित्सा
- एक्सीडेंट
- जहर का सेवन
- लीवर फेलयर
- किडनी फेलयर
- हार्ट अटैक
- ब्रेन हेमरेज
- पीलिया • लकवा
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- बांझपन का ईलाज
- मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
- गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
- नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

### रेडियोसॉन्डे यंत्र का मौसम विभाग करता है उपयोग, दी जानकारी

## कातलवाही में एक किसान के खेत में गिरा तापमान हवा की नमी मापने वाला यंत्र, मची अफरा-तफरी!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिले के डोंगरगढ़ ब्लॉक स्थित कातलवाही में एक आधुनिक यंत्र रेडियोसॉन्डे के एक खेत में गिरने के बाद अफरा-तफरी मच गई। तापमान, हवा की नमी सहित अन्य जानकारी के लिए मौसम विभाग द्वारा उपयोग किए जाने वाले इस यंत्र को देखकर किसान भी हैरान थे। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना करीबी पुलिस थाना को दी। मौके पर पहुंची पुलिसकर्मियों ने मौसम विभाग से संपर्क कर यंत्र के बारे में जाना। जिसके बाद उसे अपने कब्जे में ले लिया।

मिली जानकारी के अनुसार मुसरा निवासी हेमंत निषाद की खेती भूमि कातलवाही ग्राम में है। सुबह जब किसान अपने खेत पहुंचा तो उसने देखा कि एक सफेद रंग का यंत्र खेत में पड़ा हुआ था, जिस पर मेड इन कोरिया लिखा हुआ था। जिज्ञासा और भय के बीच किसान ने इस बात की जानकारी पहले आसपास के किसानों को दी। जिसके बाद सूचना डोंगरगढ़ पुलिस थाना को दी गई। मौके पर ही दर्जनभर से अधिक लोगों की भीड़ जुट गई थी। पुलिस कर्मियों ने पहुंचने के बाद संबंधित यंत्र की तस्वीर को मौसम विभाग के एक्सपर्ट को भेजा, जहां से इसके रेडियोसॉन्डे यंत्र होने की जानकारी मिली।



#### गुब्बारे के साथ छोड़ते हैं

मौसम वैज्ञानी एचपी चंद्रा से मिली जानकारी के अनुसार रेडियोसॉन्डे एक छोटा उपकरण पैकेज है, जो हाइड्रोजन या हीलियम से भरे गुब्बारे के नीचे लटका हुआ रहता है। जैसे ही रेडियोसॉन्डे को ऊपर ले जाया जाता है, यह दबाव, तापमान और सापेक्ष आर्द्रता को मापता है। इस यंत्र का उपयोग पांच चीजों को मापने के लिए किया जाता है। जिनमें हवा की दिशा, हवा में नमी, तापमान, हवा की गति शामिल है। इससे मौसम विभाग वातावरण की सटीक जानकारी इकट्ठा करने में उपयोग करता है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि नागपुर स्थित मौसम विभाग द्वारा इसे छोड़ा गया होगा।

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI ▶ RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस,
ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### दही हांडी लूट का आयोजन आज

**डोंगरगांव।** मस्ती की पाठशाला और नगरवासियों के तत्वावधान में कल 20 अगस्त को दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किसान राईम मिल परिसर में किया गया है। शहीद तुकांत यादव की स्मृति में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में दही हांडी लूटने वाली टोली को पुरस्कार के रूप में 51 हजार रूपए दिया जाएगा। आयोजकों ने नगर और अंचलवासियों से इस भव्य आयोजन में शामिल होने का आव्हान किया है।

### साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष का आगमन आज



**डोंगरगांव।** प्रदेश साहू संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डा. निरेन्द्र साहू का निर्वाचन के बाद कल 20 अगस्त को पहली बार नगर आगमन होगा। साहू समाज सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा उनके आत्मीय स्वागत की तैयारी की गई है। उल्लेखनीय है कि वेटनरी चिकित्सक रहे डां साहू लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों एवं भाजपा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। गत 13 अगस्त को राजधानी रायपुर में संपन्न हुए प्रदेश साहू संघ के चुनाव में डां साहू निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। यहां यह बताना जरूरी है श्री साहू ब्लाक के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत घोरदा के मूल निवासी है। वर्तमान में वह शहर में निवासरत हैं। जानकारी के अनुसार श्री साहू के प्रवास के दौरान जंगलपुर, रामपुर, घोरदा, अर्जुनी, सुखरी, अमलीडीह, आरी, बगदई में सामाजिक जनों द्वारा स्वागत किया जाएगा। स्थानीय रेस्ट हाऊस में भी स्वागत कार्यक्रम रखा गया है।

### मंच और शौचालय निर्माण स्वीकृत



**बागरेकसा।** जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी ने गत दिनों हाईस्कूल रामपुर, पूर्व माध्यमिक शाला चिचोला, पूर्व माध्यमिक शाला मोहनपुर, उच्चतर माध्यमिक शाला बागरेकसा पहुंचकर स्वतंत्रता दिवस समारोह में हिस्सा लिया। श्रीमती मंडावी ने लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने कुछ मांग रखी। ग्रामीणों की मांग पर श्रीमती मंडावी ने मंच, शौचालय निर्माण की स्वीकृति दी।

### स्काउट गाईड ने फहराया तिरंगा



**डोंगरगढ़।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे स्काउट गाइड फैलोशिप जिला नागपुर के तुमसर और आमगांव में स्वतंत्रता दिवस के अवसरपर ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में तुमसर, आमगांव तथा डोंगरगढ़ के फेलोशिप सदस्य शामिल हुए।

### बैल दौड़ स्पर्धा 23 को

**डोंगरगढ़।** कचहरी चौक में पोला पर्व के मौके पर बैला जोड़ी सजावट एवं बैल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 23 अगस्त को संध्या 5 बजे से किया गया है। आयोजन समिति के सदस्य मोहनलाल तराने ने अंचल के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### चाकू दिखाकर डराने वाले दो गिरफ्तार



**डोंगरगढ़।** थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में पुलिस ने 2 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा- 25, आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। पुलिस ने बताया कि गत 18 अगस्त 5 को लोधी भवन बोलतलाव रोड़ के पास आरोपी कमलेश सोनवानी पिता मुन्नु सोनवानी निवासी रामनगर वार्ड 21 धारदार चाकू दिखाकर लोगों को डरा रहा था। आरोपी को घेराबंदी कर पकडा गया। एक अन्य मामले में नए बस स्टेण्ड के पास शुभम शौचालय के पास से आरोपी शिव पिता रविन्द्र चंन्द्रवशी निवासी फारेस्ट नाका वार्ड 20 को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से चाकू जप्त किया। पुलिस ने दोनों प्रकरण में धारा 25 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही कर आरोपियों को जेल भेजा है।

### केदारबाड़ी में अवैध निर्माण



**डोंगरगढ़।** शहर की केदार बाडी में बड़े स्तर पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। अवैध निर्माण करने वाले ने फाउंडेशन एवं वाल निर्माण का भुगतान भी कर दिया है किन्तु प्रशासन इस अवैध निर्माण पर मौन है। जानकारी के खसरा नंबर 161 व 163 में अवैध निर्माण किया जा रहा है। राजस्व विभाग एवं नगर पालिका परिषद की नजर में यह अवैध कब्जा हो रहा है लेकिन प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है।

### रसमड़ा की सविता साहू का नौसेना में चयन



**अंजोरा।** रसमड़ा निवासी मनोज साहू एवं संगीता साहू की पुत्री सविता साहू का भारतीय नौसेना में चयन हुआ है। सविता बचपन से ही सेना में शामिल होने का सपना संजोए थीं। विद्यालयीन पढ़ाई के दौरान उन्होंने अंजोरा स्थित प्रथम घुड़सवार रेजिमेंट एनसीसी से बी एवं सी प्रमाणपत्र प्राप्त किया। निरंतर अभ्यास और कठिन परिश्रम के बाद अप्रैल में उनका चयन भारतीय नौसेना में हुआ। साढ़े चार माह के प्रशिक्षण पूर्ण करने के सविता जब पहली बार अपने ग्राम लौटी तो ग्रामवासियों और परिजनों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत ने समारोह आयोजित किया जिसमें एनसीसी यूनिट को भी आमंत्रित किया गया था। यूनिट स्टाफ ने सविता के निवास पर पहुंचकर बधाई दी साथ ही अन्य युवाओं को भी सेना में भर्ती होने प्रेरित किया।

## निर्माण रोकने ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# डेम निर्माण से पांच गांव का अस्तित्व आया संकट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

लमती नदी पर प्रस्तावित डेम से पाँच ग्रामों का अस्तित्व संकट में है। ग्रामीणों ने डेम निर्माण रोकने की मांग की है।विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के साथ ग्रामीणों ने जिलाधीश से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। जानकारी के अनुसार ग्राम लछना से लगे बोडला, महुआढार, लछनाटोला, दल्लीखोली और कटेमा में लमती नदी पर प्रस्तावित डेम निर्माण को लेकर आक्रोश फैल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार यह डेम निर्माण हुआ तो पाँचों ग्रामों की कृषि भूमि डुबान क्षेत्र में आ जाएगी और सैकड़ों किसान बेघर और बेरोजगार हो जाएंगे। इसके निर्माण से बच्चों की शिक्षा, आजीविका भी प्रभावित होगी।

### पुनर्वास और मुआवजे की मांग



**आंदोलन के मूड में ग्रामीण**

ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा है कि शासन ने डेम निर्माण को तत्काल स्थगित नहीं किया तो वह जन आंदोलन करने मजबूर होंगे। उनका यह भी कहना है कि निर्माण आवश्यक हो, तो पहले पाँच ग्रामों के लिए पुनर्वास और मुआवजे की घोषणा की जाए।

**वैकल्पिक प्रबंध नहीं**

विधायक ने बताया कि शासन ने डेम निर्माण के पहले न तो व्यवस्थापन किया है और न पुनर्वास नीति की घोषणा की है। उनका कहना है कि विकास की आड़ में गाँवों को उजाड़ा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि ग्राम लछना को पहले भी प्रधानपाठ बैराज निर्माण के समय विस्थापित किया जा चुका है, और अब पुनः संकट खड़ा हो रहा है।

## भवन लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक मंडावी

**राजनांदगांव।** ग्राम पार्रीकला में राज्य की कांग्रेस सरकार के दौरान तत्कालीन प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत द्वारा आदिवासी गोंड़ समाज के नवीन भवन हेतु राशि प्रदान की गई थी। जिसका कार्य पूर्ण होने पर समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा लोकार्पण व सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी व विशिष्ट अतिथि राज्य युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, विशेष अतिथि शहर उत्तर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आसिफ अली, वरिष्ठ कांग्रेसी प्रेम रुचनदानी, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अभिमन्यु मिश्रा, पार्षद अमित कुशवाहा, आदिवासी ब्लॉक अध्यक्ष ललित कुमरे, राजिक सोलंकी, शहर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष राजा खान, कांग्रेस युवा नेता सलमान खान आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज प्रमुख कुंवरसिंह मंडावी, धनेश ठाकुर, गोपाल ठाकुर, अमरल मरकाम आदि द्वारा अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर व आदिवासी समाज का गमछा पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात सभी ने उपस्थित जनता को संबोधित किया। कार्यक्रम में ज्ञानदास मानिकपुरी, आसाराम रामटेके, देवीलाल सोनकर, भागवतदास साहू, योगेश दास मानिकपुरी, शीतल प्रसाद साहू, नोहर साहू, राजेंद्र कुमार साहू, लोकेश रजक, सूरज रजक, अरुण, पारस मरकाम, हीरालाल मरकाम आदि उपस्थित रहे।

### पूर्व सरकार ने दी थी मंजूरी

इस अवसर पर श्री मंडावी ने बताया कि कांग्रेस सरकार के दौरान लगभग जिलेभर में अलग-अलग गांव में श्री भगत द्वारा आदिवासी समाज के भवन के लिए राशि स्वीकृत की थी। जिनमें लगभग सभी के कार्य हो चुके हैं। हमेशा से ही कांग्रेस पार्टी समाज की हितैषी रही है, चाहे वनाधिकार पट्टे हो चाहे पेसा कानून हो, हर संभव तरीके से समाज के उत्थान के लिए कार्य किया है और हमेशा से ही आदिवासी हितों की लड़ाई लड़ी है। उन्होंने बताया कि वे खुद बेहद कठिन परस्थिति से उठकर आज विधायक बने हैं। आज अगर जनता ने उन्हें आशीर्वाद दिया है तो उनकी सेवा करना दायित्व है। उन्होंने कहा कि किसी को भी इस भवन की जरूरत पड़े चाहे वह किसी भी समाज से आता हो, उन्हें निःशुल्क उपलब्ध आप लोग कराए और सब साथ मिलकर चलें, इन्हीं बातों के साथ उन्होंने समाज का आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात भवन के सामने वृक्षारोपण कर ग्राम की जन्माष्टमी पूजा में भी शामिल होकर आशीर्वाद लिया।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मना आजादी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामजी भारती, विनोद खांडेकर, अमित जैन, डॉ महेश तिवारी, सुनील जैन, विश्वनाथ यादव, वीरेंद्र अग्रवाल, प्रभाकर राव गिरधर, नारायणलाल अग्रवाल, वीणा गिरधर, प्रकाश गिरधर, नीलम चोपड़ा, प्रकाश यादव, जागेश्वरलाल निषाद की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया गया। अतिथि परिचय प्रकाश यादव ने कराया। कन्या भारती अध्यक्ष वर्षा उईके, किशोर भारती अध्यक्ष साई कुमार साहू ने तिलक लगाकर अतिथियों का स्वागत किया। दिव्यकिरण ने राज्य गीत प्रस्तुत किया। अनोखी श्रीवास्तव, राशि सिन्हा, डिंपल, निशांत जैन, गर्वित जैन, अयांश, कुमार कुंभकार, लोहिताक्ष ताम्रकार, वेदांत ठाकरे, तारिणी वर्मा, डिंपल धामगए आदि ने देशभक्ति गीत भाषण कविता आदि प्रस्तुत किया। इस मौके पर वीरेंद्र अग्रवाल, प्रकाश यादव ने अपने विचार रखे। संचालन ऋषभ वाल्दे ने किया। इसके पूर्व 14 अगस्त को विद्यालय में अखंड भारत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सुरेश वैष्णव ने अखंड भारत के बारे में बताया। प्रकाश यादव ने अखंड भारत के सपने को साकार करने कहा।

## झूम तराना महोत्सव 2025 में बच्चों ने बिखेरा नृत्य का जादू

**राजनांदगांव।** शहर में आयोजित झूम तराना महोत्सव 2025 में श्री गायत्री कथक साधना केंद्र के बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।



केंद्र की प्रतिभाओं ने नृत्य की प्रस्तुति दी। महोत्सव में जयेश मुदलियार ने शिव तांडव नृत्य से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सेमिक्लासिकल ग्रुप डांस में केंद्र की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में जयेश साव, आरव साहू, दिव्यांश जांगिड़, मुस्कान राजपूत, जयेश मुदलियार, लक्ष्मी खापर्डे, प्राप्ति शर्मा, तारिणी लालनी, गीतांजलि साहू, राखी खापर्डे, वंदना धीवर, कालिंग और मीना ने अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त समूह प्रस्तुति में गीतांजलि साहू, राखी खापर्डे, मीणा सरोदे, कालीन, वंदना धीवर, योगेश्वरी भूआर्य और रेशमा साहू ने अपनी नृत्यकला से मंच को जीवंत कर दिया और दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, प्रतिभागी जयेश साव को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। केंद्र की गुरु भारती यादव ने बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

## सम्मान समारोह आज

**राजनांदगांव।** आदिवासी अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि एवं सम्मान समारोह का आयोजन 20 अगस्त को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में रखा गया है। उक्त निर्णय गत दिनों गोंड़वाना भवन रामकृष्ण नगर में आयोजित बैठक में लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल होंगे। समारोह के पूर्व रैली भी निकाली जाएगी। कार्यक्रम में जिले के आदिवासी, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, पार्षद, सरपंचो को जिले के आदिवासी समाज को आमंत्रण सम्मान किए जाने हेतु किया गया है। युवा प्रभाग युगल किशोर को रैली का प्रभार सौंपा गया है। महिला प्रभाग जिलाअध्यक्ष पुष्पा उईके को सम्मान समारोह विशेष व्यवस्था हेतु कार्यभार सौंपा गया है। कार्यक्रम सुबह 9 से संध्या 5 बजे होगा। उक्त जानकारी रमेश मंडावी ने दी।

## बिजली कटौती से परेशानी



**मुढ़ीपार।** ढारा सब स्टेशन से जुड़े जगन्नाथपुर, बनबोड़, करेला, भंडारपुर, दैहान, परसवोड़, कोपे नवागांव सहित अन्य गाँवों में एक सप्ताह से बिजली कटौती की समस्या बनी हुई है। लगातार बिजली कटौती होने से जन जीवन प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में जब ग्रामीणों ने लाइनमेन से संपर्क किया तो बताया गया कि बोरिंग कनेक्शनों की अधिकता और ओवरलोड के कारण यह समस्या हो रही है। ग्रामीणों ने बोर और घरेलू लाइन को अलग करने की माँग की जा रही है किन्तु विभाग पहल नहीं कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग ने शीघ्र समाधान नहीं किया तो उन्हे आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। गाँव के अवध, कुशल वर्मा, बालकरण, हरिचंद पटेल, रोहित, सामरत यादव, एल यादव, राजू यदु, कालूराम साहू, संतराम साहू, ईश्वरी साहू, सहदेव साहू सहित अन्य ग्रामीणों ने घरेलू और बोरिंग लाइन को अलग करने, ओवरलोड की समस्या दूर करने की मांग की है।

## बच्चों ने निकाली तिरंगा रैली

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के प्राचार्य आरके देवांगन के नेतृत्व में गत दिनों तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए सभी से अपने अपने घरों में तिरंगा लगाने का आग्रह किया। शुरुवात में व्याख्याता टीएल देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, महेश रावटे ने हेलमेट पहन कर सभी को सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। प्राचार्य ने हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया जो प्रमुख चौराहों से होते हुए पंचायत भवन और पुनः विद्यालय पहुंच कर समाप्त हुई। रैली का नेतृत्व अजय पाठक, रीना बोरकर, हेपशिबा एंथोनी, पवन सिन्हा ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, वेद प्रकाश साहू, रवि देवांगन, बिंद्रु पटेल, बिंद्रु उपस्थित थे।

## बेबीनार में शामिल हुए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुनी




उत्कृष्टता वैश्विक कौशल प्रशिक्षण एवं विकास संगठन रायपुर ने गत दिनों वित्तीय प्रबंधन पर आनलाईन वेबीनार का आयोजन किया। स्थानीय नवीन महाविद्यालय की प्राचार्य डा अंजना ठाकुर के निर्देशन में आनलाईन वेबीनार में बीए, बीकाम, बीएससी के छात्र शामिल हुए। संगठन की मुख्य मार्गदर्शिका ज्योति कपूर ने वित्तीय प्रबंधन के लक्ष्य निर्धारित करने पर आनलाईन जानकारी दी। इसी क्रम में मुख्य सलाहकार गौरी मैडम ने अर्थव्यवस्था को सुनियोजित करने पर मौलिक सलाह दी। बेबीनार में नेहा, कविता, काजल, फनिशा, रोशनी, पूजा, राधिका, दुर्गा, मनीषा, मुरली साहू, गोवर्धन निर्मलकर, टालेश, अमन, यशवंत, अतिथि व्याख्याता हरवंस चौरगे, मोनिश खान, ओमप्रकाश सहारे, डा काव्या जैन, कंचन साहू, शुभि जैन, चांदनी पराते आदि शामिल हुए।

## धर्मनगरी डोंगरगढ़ में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव

# गोविंदा आला की गूंज, दही लूटने निकले ग्वालबाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

नगर की पुरानी परंपरा के मुताबिक श्री हनुमान भक्त युवा समिति एवं गोल बाजार गोविंदा उत्सव समिति के तत्वावधान में दही हांडी लूट का आयोजन श्री हनुमान चौक गोल बाजार में किया गया। सर्वप्रथम ठाकुर जी के डोले का स्वागत इत्र, पुष्प वर्षा और आतिशबाजी के साथ किया गया। समिति सदस्यों ने पूजा अर्चना कर डोले की अगुवानी की। समिति के हनी गुप्ता ने बताया कि 2017 में हनुमान भक्त युवा समिति ने शहर में यूनिक स्टाइल में यह आयोजन किया था। समिति ने इस साल 51 हजार का पुरस्कार विजेता टोली के लिए रखा था।

### भक्ति में झूमे भक्त

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध डीजे साउंड डीजे सारंगा की धूम में भक्त झूमते रहे। वहीं लाइटिंग और लेजर शो का लोगों ने जमकर आनंद उठाया। इस दौरान अभिषेक सिंह, नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे, नपा उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष जस्मीतसिंह बन्नोआना, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सुनील जैन, प्रकाश चौरड़िया, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, अमित जैन, हरदयाल सिंह मंगे, सुरेंद्र सिंह, चन्द्रगिरी ट्रस्ट कमेटी, बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति, गोल बाजार के व्यापारियों ने आयोजन में सहयोग दिया।



**दूर दूर से आए श्रद्धालु**

कृष्ण जन्माष्टमी के अगले दिन शहर में गोविंदा उत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन 107 वर्षों से किया जा रहा है। आयोजन के क्रम में हाईस्कूल मैदान में भव्य गोविंदा उत्सव का आयोजन जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान ने किया। आयोजन में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने भी सहयोग दिया। कार्यक्रम में खैरागढ़ , मोहला, मानपुर, दुर्ग, रायपुर, धमतरी, बस्तर, कवर्धा के अलावा महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश के नागरिक शामिल हुए। विजेता टोली को पुरस्कार के रूप में 55555 रुपए नगद दिया गया। दही लूटमें 7 टीम शामिल हुई थी। यह जानकारी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह ने दी।

### शिशु मंदिर में बच्चों ने जमाया रंग

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्राथमिक विभाग के भैया बहन राधा कृष्ण की वेशभूषा में आए थे। इस मौके पर भजन, नृत्य,



मटकी सजाओ प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष प्रकाश गिरधर, प्राचार्य प्रकाश यादव, हीरालाल मौर्य, वैशाली देशकर, जागेश्वरलाल निषाद आदि ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। विभिन्न स्पर्धा के विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कृष्ण वेशभूषा स्पर्धा में प्रथम प्रज्जवल वर्मा, द्वितीय रियासदास मानिकपुरी, तृतीय गर्व ऊईके, राधा वेशभूषा में अदिति निषाद प्रथम, आराध्या श्रीवास्तव द्वितीय, भावना सोनवानी तृतीय, मटकी सजाओ में लोहिताक्ष ताम्रकार प्रथम, युक्ति यादव द्वितीय, जाह्नवी यादव तृतीय रही। हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विभाग की मटका सजाओ स्पर्धा में प्रथम विवेक ताम्रकार, द्वितीय ज्योति देवांगन, तृतीय श्रेया यादव, भजन में प्रथम राशि सिन्हा, द्वितीय अनोखी श्रीवास्तव, तृतीय ज्योति देवांगन, नृत्य में प्रथम खेमेका आदि, द्वितीय प्राची, चंचल, प्रीति, डिंपल आदि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में दही लूट का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन ऋषभ वाल्दे, आकाश महोबिया, यामिनी वर्मा, आचार्य बोधन भारद्वाज, प्रीति वाला वैष्णव ने किया। इस दौरान सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, वीरसिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, बोधन भारद्वाज, विनोद ताम्रकार, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवीसिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते, ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिन्हा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीगेश साहू, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी भिवगढ़े, कौशल्या वर्मा, प्रीतिवाला वैष्णव, अमिता जैन, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, लता सोनकर, योगिता नागमोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी, हिमांशु इंदुलकर, मोनिका वाकलेस सहित अन्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### समिति अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण



**गंडई पंडरिया।** सेवा सहकारी समिति बरबसपुर में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस खास मौके पर समिति अध्यक्ष अमित कुमार शर्मा ने ध्वजारोहण किया, जिसके बाद राष्ट्रगान हुआ। समारोह में समिति प्रबंधक डीडी साहू, पवन भारद्वाज, प्रकाश धुर्वे, दीपक सोनवानी, रामानुज रजक और कन्हैया साहू आदि शामिल हुए। कार्यक्रम में ग्राम पटेल छन्नू कश्यप, खेम यादव, टेकराम यादव, जितेंद्र तिवारी और वीरेंद्र तिवारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। अध्यक्ष अमित कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया और देश की प्रगति में हर व्यक्ति के योगदान के महत्व पर जोर दिया।

### जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया दौरा



**सड़क अतरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने मंगलवार को वनांचल क्षेत्र के ग्राम भाटापारा, गोलरडीह में बैगा परिवारों से मुलाकात किया। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजना से परिवारों को मिल रहे लाभ का जायजा लिया। बैगा परिवारों ने उन्हे अपनी मुलभुत समस्या से अवगत कराते हुए समस्या को दूर करने की बात कही। श्री ताम्रकार ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुऐ कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताकर योजना का लाभ उठाने प्रेरित किया। उनके जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि निजाम मंड़ावी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### बोर में डाली दवाई

**सड़क अतरिया।** बरसात के मौसम में जल स्तर में बदलाव का क्रम जारी है। वहीं शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराना पंचायत एवं विभाग की जिम्मेदारी है जिसे ध्यान में रखते हुए मंगलवार को विभाग द्वारा गांव में संचालित नल-जल योजना के दोनों बोर में दवा डाली गई, ताकि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सकें। मौसम के उतार चढ़ाव के कारण लोग मौसमी बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। सरपंच प्रतिनिधि लोमश वैष्णव ने ग्रमीणों को जानकारी देते हुए अपील की है कि बोर में दवाई डाली गई है पर लोग मौसम को ध्यान में रख कर तथा सावधानी बरतते हुए पानी उबाल कर पीये, ताकि मौसमी बीमारी से बचा जा सकें।

### पंडरिया में दही हांडी का आयोजन



**गंडई पंडरिया।** कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पंडरिया के ठेठवार समाज ने नगर में दही हांडी लूट का आयोजन किया। यह कार्यक्रम वार्ड एक स्थित दैहान चौक, चांदनी चौक, हटरी चौक, कृष्ण मंदिर और दिवहार चौक में किया गया। कार्यक्रम के अतिथि के रूप में पार्षद दिलीप ओगरे, अमन सोनी और सुमन पाटले शामिल हुए। दही हांडी से पहले दैहान चौक से कृष्ण मंदिर तक बच्चों के साथ एक टोली निकाली गई जिसमें बच्चे बाजे-गाजे की धुन पर नाचते आगे बढ़े। अलग-अलग चौराहों पर बंधी दही हांडी को लूटने के लिए बच्चों में खासा उत्साह देखने मिला। हांडी के साथ बच्चों के लिए कई तरह के खिलौने और खाने की चीजें भी बांधी गई थीं। बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर दही हांडी को तोड़ने और उसमें रखे सामान को लूटने का भरपूर आनंद लिया।

### गड्ढा से वाहन चालकों को परेशानी



**सड़क अतरिया।** ग्राम चकनार के मुख्य मार्ग के बीचों बीच गड्ढा होने से छोटे बड़े वाहन चालक परेशान हो रहे हैं। खासकर दोपहिया वाहन चालक आए दिन हादसे का शिकार हो रहे हैं। गांव के नारायण वर्मा ने बताया कि गड्ढा दिनों दिन बढ़ते जा रहा है। तेज रफ्तार में चल रहे वाहन चालक को सड़क पर गड्ढा होने का अंदाजा नहीं रहता है और वह हादसा का शिकार हो जाते हैं। जानकारी अनुसार चार माह पहले गांव में नल-जल योजना के तहत पाईप लाईन विस्तार हुआ था। पाईप को क्रास करने के लिए ठेकेदार द्वारा उक्त सड़क को खोदकर पाईप डालने के बाद मिट्टी, गिट्टी से ढक दिया गया था। लगातार बारिश के कारण सड़क पर पुनः गड्ढा में तब्दील हो गया है जो वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। पंचायत के सरपंच वंदना लाल चंद पटेल ने बताया कि सड़क पर गड्ढा होने की जानकारी विभाग और ठेकेदार को दिया गया है। ग्रामीण एवं वाहन चालकों ने सड़क की मरम्मत करने की मांग की है।

### अशोका आईटीआई में रिक्त सीटों पर प्रवेश जारी

**राजनांदगांव।** अशोका आईटीआई में विभिन्न ट्रेडों जैसे कोपा, स्टेनो एवं इलेक्ट्रिशियन में रिक्त सीटों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। विदित हो कि प्रदेश के समस्त शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन प्रक्रिया 16 अगस्त 2025 को समाप्त होने के कारण बहुत से छात्र-छात्राएं प्रवेश से वंचित रह गए हैं। ऐसे में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थीगण अशोका आईटीआई में प्रवेश हेतु संपर्क कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि अशोका आईटीआई में ग्रामीण अंचलों के निर्धन एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को शिक्षण शुल्क में विशेष छूट प्रदान किया जा रहा है। जिससे वे आईटीआई जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर अपने भविष्य का सृजन कर सकें। अशोका आईटीआई में संचालित विभिन्न ट्रेड कोर्स जैसे कोपा, स्टेनो एवं इलेक्ट्रिशियन आदि में प्रवेश हेतु न्यूनतम योग्यता 10वीं है।

### परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत



**राजनांदगांव।** इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ द्वारा संचालित स्नातक डिग्री कोर्स बीपीए (बैचलर ऑफ परफार्मींग आर्ट प्रथम वर्ष शास्त्रीय गायन, तबला, लोक संगीत, कथक नृत्य में सभी छात्र-छात्राएं अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए और परीक्षा परीणाम शत-प्रतिशत रहा। इस सफलता का श्रेय अध्यापन करा रहे प्राध्यापकों का है, जिन्होंने छात्र-छात्राओं को समुचित मार्गदर्शन दिया। उक्त जानकारी देते चक्रधर कल्याण केंद्र के तुषार सिन्हा ने बताया कि चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से विगत 40 वर्षों से मान्यता प्राप्त परीक्षा केन्द्र के रूप में कार्य करते वर्ष 2025 से नियमित रूप से डिग्री कोर्स बीपीए एवं डिप्लोमा कोर्स संचालित किया जा रहा है।

## नहर और सड़कों तक फैला था अतिक्रमण

# चखना केंद्रों पर चला बुलडोजर

### नगर पंचायत एवं पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

ठंडार पहुंच मार्ग पर नहर और सड़कों के किनारे बेतरतीब ढंग से चल रहे चखना केंद्रों के विरूद्ध मंगलवार को नगर पंचायत और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। इन दुकानों से निकलने वाले कचरे के कारण सड़क पर चलना मुश्किल हो गया और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कार्रवाई के दौरान इन दुकानों के सामान जब्त कर लिया गया।

सूत्रों के मुताबिक यह अवैध दुकानें काफी समय से आबकारी विभाग के संरक्षण में फल-फूल रही थी। हाल ही में सिंचाई विभाग ने नगर पंचायत को एक पत्र लिखा था, जिसमें नहर में बढ़ते कचरे और सिंचाई में आ रही दिक्कतों का जिक्र किया था। पत्र में बताया गया था कि इन दुकानों से निकलने वाला प्लास्टिक और अन्य कचरा को नहर में फेंका जा रहा है जिससे आगामी खरीफ फसल की सिंचाई प्रभावित हो सकती है। इस शिकायत के आधार पर नगर पंचायत ने यह कार्रवाई की।



#### सामान जब्त

सीएमओ अविनाश देवांगन ने बताया कि सिंचाई विभाग की शिकायत के आधार पर अवैध चखना दुकानों पर कार्यवाही कर समान जब्त किया गया है। वही एक दुकान से दर्जनों को अवैध कनेक्शन जारी किया गया था, जिसे भी कटवाया गया है। कांग्रेसी नेता एवं विधायक प्रतिनिधि दामोदर जायसवाल ने चखना दुकान के लिए अपनी जमीन को किराए पर दिया गया है जबकि वह कृषि भूमि है। इस पर भी कार्यवाही की जाएगी।

#### कुछ चखना केंद्र पर कार्रवाई नहीं

इस कार्रवाई के बाद बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। नगर पंचायत की टीम ने जहां नहर किनारे चल रही गरीबों की दुकानों को हटा दिया। वहीं निजी जमीन पर चल रहे चखना केंद्रों पर कार्रवाई नहीं हुई। प्रभावित दुकानदारों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने जानबूझकर उन पर कार्रवाई नहीं किया है जबकि वह भी अवैध हैं।

#### अवैध विद्युत कनेक्शन का जाल

कार्रवाई के दौरान यह भी सामने आया कि एक चिकन सेंटर से दर्जनों अवैध चखना केंद्रों को विद्युत कनेक्शन दिए गए थे, जिससे मकड़जाल बन गया था। यह तब हुआ जब बिजली विभाग का कार्यालय महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित है। नगर पंचायत की टीम ने मौके पर सभी अवैध कनेक्शनों को काट दिया।

# पंचायत सचिवों का थोक में स्थानांतरण

- दिक्कत में महिलाएं, स्थानांतरण प्रक्रिया पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

जिला पंचायत द्वारा जारी किए गए स्थानांतरण आदेश को लेकर सचिव संघ में नाराजगी देखी जा रही है। तबादला सूची को लेकर विवाद गहराते जा रहा है। जिले में पंचायत सचिवों का स्थानांतरण थोक में जनपद पंचायत छुईखदान खैरागढ़ में किया गया है, जिसमें कुल 47 सचिवों को इधर से उधर किया गया। हालांकि यह प्रक्रिया पारदर्शिता के उद्देश्य से की गई थी, लेकिन इसका परिणाम सभी के लिए संतोषजनक नहीं रहा। कुछ सचिवों ने नई तैनाती को स्वागत योग्य बताया, वहीं कई ने असंतोष व्यक्त करते हुए स्थानांतरण में अनियमितता होने की बात कही है। महिला सचिवों ने विशेष रूप से नई जगह पर रहने और आने-जाने की समस्याओं को लेकर चिंता जाहिर किया है।

#### घर से दूर पोस्टिंग

एक महिला सचिव ने बताया उसका स्थानांतरण घर से 30 किमी दूरी में हो गया है। कुछ अन्य सचिवों को ऐसी पंचायतों में भेजा गया है जो उनके घर से काफी दूर हैं। वहाँ मूलभूत सुविधाओं की भी कमी है। महिला कर्मचारियों को सुरक्षित यात्रा, रहने की व्यवस्था में परेशानी हो सकती है। सूत्रों के अनुसार स्थानांतरण सूची में तकनीकी त्रुटियाँ और कुछ अपवादों को नजरअंदाज करने की बातें सामने आ रही हैं, जिससे कर्मचारियों में रोष है। कर्मचारी संघ ने इस मामले में पुनर्विचार की माँग की है।

### कबड्डी में बीजागोड़ टीम विजेता

**साल्हेवारा।** बैगा कर्मचारियों के तत्वावधान में ग्राम बैगा साल्हेवारा में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन रखा गया। स्पर्धा में 24 टीमों ने भाग लिया। विजेता बीजागोड़ टीम को 10 हजार, द्वितीय बंजारपुर को 5 हजार और तृतीय स्थान हासिल करने वाली बरगांव टीम को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान बरन मेरावी, जीवन मेरावी, अमरलाल नेताम, चैतलाल मेरावी, रामलाल मरकाम, महेश मरकाम, अमरसिंह मरकाम, निर्णायक डॉ. अनिल यादव, राजकुमार मरकाम, मनोज मरकाम, संतलाल मरकाम, शिव खुसरो, फत्तेसिंह धुर्वे, शीतल नेताम मौजूद थे।

## यादव समाज ने मनाया जन्मोत्सव



**छुईखदान।** केसरिया यादव समाज सर्किल छुईखदान ने यादव भवन में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया। रात्रि में भक्ति संगीत, आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। जन्मोत्सव के अगले दिन शोभायात्रा निकाला गया, जिसमें राउत नाच, डीजे, धुमाल, आकर्षक झांकियां एवं भगवान श्रीकृष्ण की सजीव मूर्ति के साथ नगर भ्रमण किया गया। यह शोभायात्रा नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। इस आयोजन में यादव समाज के वरिष्ठ एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन में समाज के अध्यक्ष शंकरराम यादव, रामकृष्ण यादव, सियाराम यादव, बल्ला यादव, कैलाश यादव, फग्गु यादव, दशरथ यादव, चैतू यादव, किशोर यादव, रवि यादव, छोटू यादव सोम यादव, छवि यादव, राहुल यादव, गौरव यादव, विक्की तुलाराम यादव, प्रशांत यादव, प्रथम यादव, नितेश यादव, संदीप यादव आदि की सहभागिता रही।

# उदयपुर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मना

- छात्र छात्राओं ने निकाली प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

छुईखदान विकासखण्ड के ग्राम पंचायत उदयपुर में 79 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला उदयपुर के शाला प्रांगण में संस्था के प्राचार्य श्रीश कुमार पांडे की उपस्थिति में अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति ललित चोपड़ा ने सर्वप्रथम महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया।

ग्राम पंचायत में रोशन माडले, उप स्वास्थ्य केंद्र में डॉ योगेश कुमार मंडावी, सहकारी समिति कार्यालय में पुरन राम जंघेल, झंडा चौक में ग्राम पटेल उभयराम साहू, शासकीय प्राथमिक शाला में प्रधान पाठिका श्रीमती पूर्णिमा जंघेल ने ध्वजारोहण किया।



स्कूली छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली। तत्पश्चात मुख्य कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के प्रांगण में मुख्य अतिथि ललित चोपड़ा एवं अध्यक्षता प्राचार्य एस के पांडेय, विशिष्ट अतिथि पूर्व जनपद सदस्य गुलशन तिवारी, रामानंद साहू, राजकुमार जंघेल, अशोक कुमार मिश्रा, लखन सोनी थे। स्कूली छात्र छात्राओं ने कविता, भाषण, देशभक्त गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कक्षा नवमी एवं 11वीं के प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को स्व. भीखम चंद जैन की स्मृति में मेमोंटो एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर ग्राम पटेल उभय राम साहू, अनिल विश्वकर्मा, मंगूराम जंघेल, पूरन जंघेल, भूपेंद्र मिश्रा, दिलीप जघेल, दशरथ यदु, सीआर साहू ,एमएल जंघेल, श्रीमती विजयारानी थवाईत, चंद्रकांत साहू, सत्य प्रकाश महिलकर, तामेश्वर साहू, झामेश्वरी ठाकुर, रेणु चौबे, अनुराधा सिंह, कुमारी रजवंती साहू, टोमीन वर्मा, कुमारी माया ठाकुर, देवकी निषाद सहित स्कूली छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सीके साहू ने किया।

# नर्मदा में मनाया गया गोविंदोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत चकनार के नर्मदा मंदिर परिसर में सोमवार को कोसरिया यादव समाज द्वारा भव्य गोविन्दोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह शामिल हुए। अध्यक्षता जिला पंचायत प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने किया। विशिष्ट अतिथि रूप में जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा, दिनेश वर्मा, वंदना लालचंद पटेल, प्रकाश जंघेल, दूजे राम वर्मा, रमेश जंघेल, बालकिशन शामिल हुए।

श्री कृष्ण की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विक्रांत सिंह ने उपस्थिति लोगों को पर्व की बधाई देते हुए गौवंश की सेवा करने प्रेरित किया। उन्होंने महतारी वंदन योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अगामी दिवस इस योजना का पोर्टल 15 दिनों के लिए पुनः खुल रहा है। पात्र नए हितग्राही आवेदन भर सकते हैं। कुछ हितग्राही जो किसी कारण वश लाभ से वंचित हैं वह भी आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने नवविवाहित महिलाओं को अनिवार्य रूप से योजना का लाभ लेने प्रेरित किया। खम्हन ताम्रकार एवं ललित चोपड़ा ने ग्रामीण क्षेत्र में मौजूदा गौवंश को लेकर उपज रही समस्या पर गहरा दुख प्रकट किया। उन्होंने मंच के माध्यम से लोगों को गौसेवा के लिए प्रेरित किया।




## दही लूट में कौड़ीकसा के युवाओं ने मारी बाजी



**मोहला।** कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर धमतरी जिले के गुरुर तथा डोंगरगढ़ नगर के गोलबाजार में आयोजित कार्यक्रम में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के ग्राम पंचायत कौड़ीकसा के युवाओं ने इस साल का खिताब अपने नाम किया है। गुरूर में 51 हजार तथा डोंगरगढ़ गोलबाजार में 51 हजार नगद तथा शील्ड का आयोजकों ने ईनाम घोषित किया था। इस कार्यक्रम में प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से प्रतिभागी भाग लिए थे।

इस प्रतियोगिता में कौड़ीकसा सोनझरीपारा के सुरेंद्र मरकाम, धर्मेंद्र मरकाम, देवीलाल मंडावी, यशवंत मरकाम, बहादुर, बिश्वेश्वर, किशन मंडावी, दिनेश गावडे, कचारू, करण, गोलू, महेन्द्र, दिनेश, जितेन्द्र, बृजेश आदि मां शीतला ग्रुप के युवकों ने अत्याधिक ऊंचाई वाले दही हांडी को मानव श्रृंखला बनाकर फोड़ने में बाजी मारी। इस सफलता पर ग्राम प्रमुखों ने विजेता टीम को बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य का कामना की।

# स्वास्थ्य मंत्री की झूठ का प्रमाण है सीटी स्कैन मशीन : रूपेश



- 2 करोड़ की मशीन की खरीदी 11.5 करोड़ में बिना ट्रायल भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज के लिए सिटी स्कैन मशीन खरीदी में घोटाले का खुलासा करते बताया कि भाजपा सरकार के अंधेरगर्दी के चलते स्वास्थ्य व्यवस्था तो बदहाल है ही, कमीशन के फेर में स्वास्थ्य सुविधा को भ्रष्टाचार का माध्यम भी बना दिया गया है।

मार्च 2025 में मेडिकल कॉलेज के वार्षिकोत्सव में चिकित्सा मंत्री ने भरे मंच से 3 माह के भीतर सिटी स्कैन मशीन स्थापित करने की घोषणा किए थे। अप्रैल माह में सिटी स्कैन मशीन क्रय की कार्रवाई प्रारंभ की गई और मंत्री के तीन माह के वादे की धज्जियां उड़ाते हुए 1 जुलाई को मशीन राजनांदगांव पहुंची, लेकिन आज तक मशीन स्थापित नहीं हो पाई है। यहां यह बताना जरूरी है कि सीजीएमएससी के माध्यम से जिस सिमंस कंपनी की 128 स्लाइस की मशीन खरीदी गई है, उसकी उच्च क्वालिटी की मशीन बमुश्किल 2 से 2.75 करोड़ की आती है, उसे 11:5 करोड़ में खरीदने का काम भाजपा सरकार के सुनियोजित संरक्षण में हुआ। अनुबंध के मुताबिक मशीन का संचालन 2 साल तक कंपनी के श्रेष्ठ टेक्नीशियन द्वारा किया जाना था, लेकिन मशीन का संचालन तो छोड़ वर्तमान समय में मशीन स्थापित भी नहीं हुआ है और दो किस्तों में राशि का भुगतान किया जाना गंभीर आर्थिक अनियमितता के श्रेणी में आने वाला कृत्य है। ऐसी दशा में मशीन मात्र कमीशन के लिए खरीदी गई है, ऐसे भ्रष्टाचार कमीशनखोरी की जांच आवश्यक है।

### जयंती पर वीरांगना अवंतीबाई लोधी को किया नमन

**सड़क अतरिया।** ग्राम ओटेबंद में शनिवार को वीरांगना अवंती बाई लोधी की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। समाज एवं ग्रामीणों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना करते हुए जयकारा लगाया। उनकी वीरता को नमन किया गया। इस मौके पर ज्योति जंघेल ने कहा कि वीरांगना का साहस और समर्पण समाज के हर व्यक्ति के लिए प्रेरणादायक है। वही कामदेव जंघेल ने रानी के संघर्ष और त्याग से भरे जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष कामदेव जंघेल, जनपद सदस्य ज्योति जंघेल, प्रियंका जंघेल, अवध जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, तामेश्वर जंघेल सहित अन्य मौजूद रहे।



## लालपुर में त्रिजन्म शताब्दी पर पौधारोपण



**गंडई पंडरिया।** देवी अहिल्याबाई होल्कर के त्रिजन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर 1008 पौधारोपण अभियान के तहत लालपुर स्थित देवी अहिल्याबाई होल्कर मंदिर परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां विभिन्न प्रजातियों के छायादार और औषधीय पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के आयोजक नारायण प्रसाद पाली और सहयोगी निरंजनलाल धनकर ने बताया कि अभियान का उद्देश्य देवी अहिल्याबाई के सेवा कार्यों को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह पौधारोपण और संरक्षण अभियान प्रत्येक जिले में आयोजित किया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इससे जुड़ सके। इस अवसर पर रुद्राक्ष, करंज, आंवला, सिंदूर, गुलमोहर, शीशम, बादाम, काजू, बरगद और नीम सहित 20 से अधिक प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस दौरान जिला अध्यक्ष शंकर पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश धनकर, सेक्टर अध्यक्ष प्रेमलाल धनकर, रामसिंह धनकर, कुंजराम पाली, भावेश पाल, झुमक पाल, भीष्म पाली, करण धनकर, रोशन धनकर, युवराज धनकर, बिरजेलाल ध्रुव, सुशील दुबे, दिनेश पटेल, तिलक पटेल, मिथुन विश्वकर्मा और चुरामन टंडन मौजूद थे।






## सार समाचार

### कबीर कुटी आश्रम पेंड्री

**राजनांदगांव।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कबीर कुटी आश्रम पेंड्री में युवा शक्ति सेवा संगठन एवं सूर्य फाउंडेशन के तत्वावधान में ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।



### महापौर कार्यालय में ध्वजारोहण

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव ने स्वतंत्रता दिवस अवसर पर स्थानीय सिविल लाइन (तुलसीपुर) स्थित अपने कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारीगण, सदस्यगण, नगर निगम अध्यक्ष एवं पार्षदगण, महापौर कार्यालय के समस्त स्टाफ एवं वार्डवासी उपस्थित रहे। महापौर ने लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते शहर के नगरिकों को स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण जागरूकता के लिए अपने स्तर पर छोटे-छोटे प्रयासों से बड़ा सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश करने और आने वाली पीढ़ी को एक बेहतर संस्कारधानी देने आव्हान किया।



### पेंशनर्स संगठन

**राजनांदगांव।** स्थानीय प्यारेलाल स्कूल में पेंशनर्स संगठन ने स्वाधीनता दिवस स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में निसार अहमद, पतराम साव, श्री केहरी, सुधीर शेन्डे, अनिल शर्मा, पुष्पा सावरकर, शैलेन्द्र सिंह, राजेन्द्र अग्रवाल, हसन सिद्धीकी, रमेश भोजवानी, मनहरण साव, जगदीश साहू, चंद्रशेखर बावनकर, डोभाराम सिन्हा, भोजराज साहू, राकेश श्रीवास्तव, सुरेन्द्र साहू, श्री घरड़े, श्री चंदेल, बांके सिंह समेत अन्य लोग शामिल थे।

### चंद्रशेखर व सीमा का चयन

**राजनांदगांव।** ग्राम चिलमाटोला के चंद्रशेखर पिस्दा का एमबीबीएस अंबिकापुर एवं कोर्रामटोला की सीमा गावरे का चयन एमबीबीएस रायपुर में चयनित होने पर अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज व अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज इकाई मोहला-मानपुर-अं. चौकी की ओर से समाज का गौरव बढ़ाने शुभकामनाएं दी।



### सनातन गुरूकुल आध्यात्मिक केंद्र का शुभारंभ



**राजनांदगांव।** सनातन धर्म महासभा के छग प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी अवसर पर 16 तारीख को नेहरू नगर रेलवे क्रॉसिंग भिलाई में शाम को पं. अरूण मिश्रा के वैदिक मंत्रो उच्चारण के साथ आयोध्या से आए पं. कमलेश्वरनंद महाराज, सौम्या देवी, एसएस बैस महाराज, बीके सिंग महाराज, पं. अरूण मिश्रा, छग प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, प्रदेश संरक्षक राकेश इंद्रभूषण ठाकुर के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर सनातन गुरूकुल आध्यात्मिक केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सनातन धर्म के छत्तीसगढ़ के अत्यधिक संख्या में सनातनी बंधु ने हिस्सा लिया। जिसमें सुंदरलाल साहू, हेमंत राय, मुकेश द्विवेदी, प्रियंक सोनी, सौरभ खंडेलवाल, कमल शर्मा व अन्य लोग शामिल थे। उक्त जानकारी छग प्रभारी कमल शर्मा ने दी।

### अरविंद बने जीवनदीप समिति के सदस्य

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव कलेक्टर द्वारा जीवनदीप समिति राजनांदगांव में समिति के सदस्य के रूप में गौरीनगर निवासी डॉ. अरविंद सिन्हा को मनोनीत किया गया है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सभी स्वास्थ्य केंद्र व जिला चिकित्सालय में सदस्यों की नियुक्ति किया जाता है। इसी कड़ी में जिला चिकित्सालय राजनादगांव के जीवनदीप समिति अध्यक्ष स्वयं कलेक्टर होते है। जिनकी समिति में 7 सदस्यों की नियुक्ति गई है। डॉ. अरविंद सिन्हा पिछले कई वर्षों से स्वास्थ्य चिकित्सा सेवा का कार्य करते हैं व लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का कार्य भी कर रहे हैं। इस नियुक्ति पर डॉ. अरविन्द सिन्हा ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिह राजपूत का आभार व्यक्त किया।



### सैन्य मातृशक्ति व पूर्व सैनिकों को सम्मान

**राजनांदगांव।** राष्ट्र सेविका समिति द्वारा आयोजित एक शाम राष्ट्र के नाम कार्यक्रम 17 अगस्त को आयोजित किया गया। इसमें अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ जिला राजनांदगांव के पूर्व सैनिकों एवं मातृशक्तियों को आमंत्रित किया गया। जिसमें जिला परिषद के अध्यक्ष अशोक झा, संरक्षक जीएस भाटिया, गुमान साहू, अंगेश्वर सिन्हा, बसंत रावटे, संतोष सिंह, उमेश गंगबेर, पीयूष साव, युगलकिशोर वर्मा, सीएल साहू, कन्हैया साहू, अमर साव, कलीराम ठाकुर, कृष्णकुमार, भोजेश्वर गंजीर उपस्थित रहे। जिला सैन्य मातृशक्ति की अध्यक्ष वर्षा रावटे, खुमेश्वरी सिन्हा, संगीता साहू, भुनेश्वरी साव, शिवानी साव, मिनेश साहू, ज्योति साहू, दूरपति साहू की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में राष्ट्र सेविका समिति की ओर से बच्चों ने सांस्कृतिक ,देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता डॉ. दिव्या देशपांडे प्रांत बाल केंद्र प्रमुख संस्कृत भारती, शारदा चंद्रा संभाग प्राचारिका, ऋतु शर्मा राजनांदगांव जिला कार्यवाहिका, डॉ. उषा मिश्रा राजनांदगांव नगर कार्यवाहिका, नमिता शुक्ला नगर सह कार्यवाहिका, संचालनकर्ता अर्पिता मिश्रा शामिल थी। वर्षा राउटे ने सैनिक पत्नी के रूप में अपनी आप बीती सुनाई।



## मांगों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

# सैकड़ों की संख्या में पहुंचीं मितानिन रैली निकालकर घेरा कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी प्रमुख मांगों को लेकर प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ एवं प्रशिक्षक कल्याण संघ के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में मितानिन बहनों ने कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान मितानिनों ने प्रदेश सरकार से मोदी की गारंटी घोषणा पत्र में किए गए वादे को पूरा करने आवाज बुलंद किया।

सिविलियन सहित प्रोत्साहन राशि में वृद्धि और अपनी अन्य मांगों को लेकर सैकड़ों की संख्या में जिलेभर से पहुंची मितानिनों ने रैली निकाली और कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगे पूरी करने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश सरकार द्वारा मितानिन कर्मचारियों को मासिक मानदेय राशि में 50 प्रतिशत वृद्धि का वादा मोदी की गारंटी पत्र के माध्यम से किया गया था, लेकिन अब तक मितानिनों के मानदेय में बढ़ोतरी नहीं होने को लेकर मितानिनों ने आंदोलन करते कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन देकर प्रदेश सरकार से किए गए वादे को पूरा करने मांग की है।



### प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन की दी चेतावनी

मितानिन कर्मचारियों ने कहा कि यदि शासन हमारी मांगों को एक सप्ताह के भीतर पूरा नहीं करती है तो प्रदेश स्तर पर मितानिनों द्वारा जंगी प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री निवास का घेराव और चक्काजाम होगा। इस प्रदर्शन में प्रदेशभर से 72000 मितानिन बहनें शामिल होंगी।

### एनएचएम में सिविलियन की मांग

मितानिन संघ की जिला अध्यक्ष प्रमिला उईके ने कहा कि वर्ष 2002 से मितानिन बहने कार्यरत हैं। चुनाव के समय प्रदेश की सरकार ने मोदी की गारंटी घोषणा पत्र में प्रोत्साहन राशि वृद्धि करने का वादा किया था, जो अब तक पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि मितानिनों को उनके कार्य का पैसा भी बराबर नहीं मिल रहा है। कार्य का जितना पैसा बन रहा है, उससे आधा भी नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि मितानिनों का सिविलियन एनएचएम में किया जाए।

### एनजीओ का विरोध

अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर जिले के डोंगरगांव, डोंगरगढ़, घुमका और छुरिया ब्लॉक से पहुंची मितानिनों ने ठेका प्रथा के तहत कार्य का विरोध किया है। वहीं उन्होंने अपने प्रदर्शन के माध्यम से मितानिन कार्यक्रम का संचालन पुनः एनजीओ को दिए जाने को लेकर विरोध जताया है।

### झूठ से जनता को भ्रमित नहीं किया जा सकता: रवि

**राजनांदगांव।** भाजपा पार्षद रवि सिन्हा ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि कांग्रेस के झूठ से जनता को भ्रमित नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का वोट चोरी वाला बयान न सिर्फ हास्यास्पद है, बल्कि देश की जनता का अपमान भी है। यह आरोप पूरी तरह झूठे, मनगढ़ंत और बेशर्म राजनीति का उदाहरण है।



श्री सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी हर बार चुनाव हारने के बाद वही पुराना राग अलापते हैं। कभी ईवीएम पर सवाल, कभी चुनाव आयोग पर और अब वोट चोरी का आरोप। असलियत यह है कि जनता उन्हें बार-बार नकार चुकी है और अब उनकी हताशा इस स्तर तक पहुंच गई है कि वे लोकतंत्र और जनता के फैसले पर भी सवाल उठा रहे हैं। पार्षद श्री सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी को यह समझ लेना चाहिए कि देश की जनता अब उनकी बातें सुनकर हंसती है, भरोसा नहीं करती। वोट चोरी की झूठी कहानियां गढ़कर कांग्रेस अपनी हार को छिपा नहीं सकती। भाजपा की जीत जनता के आशीर्वाद से होती है, चोरी-छुपे नहीं। राहुल गांधी और कांग्रेस को लोकतंत्र का मजाक उड़ाने के बजाय अपनी राजनीति सुधारनी चाहिए।

## समझौते के बाद धरना समाप्त

**राजनांदगांव।** श्रम पदाधिकारी राजनांदगांव कार्यालय में श्रमिकों की मांगों को लेकर दोपहर 12 बजे बैठक आयोजित की गई। जिसमें वर्धमान रोप्स टेड़ेसरा कंपनी के मालिक जिनेन्द्र सुराना तथा यूनियन की ओर से भीमराव बागड़े व अन्य श्रमिकगण उपस्थित हुए।



त्रिपक्षी वार्ता में सहमति हुई कि वेतन में 26 रुपए प्रतिदिन की दर से कुल 676 रुपए प्रतिमाह बढ़ोत्तरी की जाएगी तथा जिन मजदूरों को न्यूनतम वेतन से कम भुगतान किया जा रहा था, उन सभी श्रमिकों को न्यूनतम वेतन की दर से बैंक के माध्यम से भुगतान किया जाएगा तथा प्रतिमाह 10 तारीख के भीतर वेतन भुगतान किया जाएगा। कंपनी का उत्पादन 11 से 18 अगस्त तक बंद रहा है। उसका हाफ वेतन भुगतान किया जाएगा। यह भी सहमति हुई कि 18 अगस्त को श्रमिकों द्वारा आयोजित धरना समाप्त किया जाएगा तथा 19 अगस्त से श्रमिकगण अपने-अपने पाली में ड्यूटी पर उपस्थित होंगे तथा अनुशासन बनाए रखेंगे तथा उत्पादन पर अधिक जोर देंगे। श्रमिकों द्वारा एक-दूसरे को गुलाल लगाकर स्वागत किया गया तथा मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया गया। धरना सभा को छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष कामरेड भीमराव बागड़े ने संबोधित करते कहा कि सभी मजदूरों ने दिन-रात धरना देकर संघर्ष जारी रखें है, उसका लाभ आपको मिल रहा है। इस एकता को बरकरार रखने का सुझाव देते धरना समाप्त करने की घोषणा की गई। यह जानकारी मोर्चा के संगठन मंत्री तुलसी देवदास ने दी।

## संदिग्ध लेन-देन, म्यूल बैंक खातों की जानकारी दे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मिशन सायबर सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक ने बैंक मैनेजरों की एक बैठक लेकर सायबर अपराधों पर रोकथाम एवं पुलिस विभाग के साथ संयुक्त जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने संबंधी चर्चा की। साथ ही अन्य विषयों पर निर्देश दिए गए।

पुलिस कंट्रोल रूम में 18 अगस्त को जनसंवाद कक्ष में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा सायबर अपराधों से बेहतर तरीके से निपटने एवं सायबर अपराधों की रोकथाम हेतु शहर के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधकों की बैठक आयोजित की गई।

### अधिकारियों की रही उपस्थिति

बैठक में अतिरिक्त अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन, सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामेन्द्र सिंह, थाना बसंतपुर प्रभारी निरीक्षक एमन साहू, थाना लालबाग प्रभारी निरीक्षक राजेश साहू एवं शहर के विभिन्न बैंक मैनेजर उपस्थित थे।




### सीसीटीवी कैमरे लगाए

सुरक्षा की दृष्टि से बैंक परिसर एवं एटीएम में उच्च क्वालिटी एवं अधिक बैकअप वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने कहा गया। बैंकों में सायबर जागरूकता संबंधित बैनर-पोस्टर चस्पा करने को कहा गया। सायबर अपराध से पीड़ति ग्राहक यदि बैंक पहुंचता है तो उसे उसकी शिकायत की प्रक्रिया और पैसे वापसी प्रक्रिया के बारे में समझाना और तत्काल संबंधित बैंक खाता को फ्रीज करने एवं संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु कहा गया।

### पीड़ितों का होल्ड राशि वापस दिलाने चर्चा

सायबर अपराध संबंधित शिकायतों में पीड़तिों को होल्ड राशि वापस दिलाए जाने व खाताधारक की जानकारी के बिना ठगी के पैसे विभिन्न लेयर के माध्यम से आने पर फ्रीज होने पर अन-फ्रीज की प्रक्रिया के संबंध में भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इसी क्रम में आज ही जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्र के बैंक मैनेजरों की बैठक लेकर सायबर अपराध की रोकथाम हेतु विस्तृत चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### संयुक्त रूप से जागरूकता कार्यक्रम चलाने निर्देश

बैठक में बैंकों को भी व्यापक सायबर जागरूकता अभियान में पुलिस के साथ मिलकर हर वर्ग के लोगों को सायबर अपराध से बचने एवं वर्तमान में होने वाले सायबर अपराधों के संबंध में अधिक से अधिक कार्यक्रम करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अलावा सायबर अपराधों की रोकथाम हेतु बैंक खातों में होने वाले संदिग्ध लेन-देन व म्युल बैंक खातों की जानकारी निकटतम पुलिस थाना को तत्काल देने को कहा गया।

## शोभायात्रा निकाल किया श्रीकृष्ण मूर्तियों का विसर्जन

**राजनांदगांव।** शहर के लोहारपारा मराठा मंडल द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पारंपरिक रूप से हर्षोल्लास एवं श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमाएं स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। शोभायात्रा के साथ श्रीकृष्ण प्रतिमाओं का तालाब में विसर्जन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

ज्ञात हो कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्रद्धा-भक्ति का माहौल रहा। घर-घर से लेकर मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सार्वजनिक रूप से एवं घर-घर में कान्हा की मूर्तियां स्थापित की गई थी। जिनके विसर्जन का सिलसिला जारी है।



### नयनाभिराम शोभायात्रा

इधर शहर के लोहारापारा मराठा मंडल द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पारंपरिक रूप से हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। इस मौके पर घर-घर में भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमाएं स्थापित की गई थी। पर्व के दौरान क्षेत्र में साज-सजावट देखते ही बनता था। गुलाल-अबीर व बाजे-गाजे एवं जयकारों के साथ निकली भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए इंदिरा सरोवर पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मूर्ति विसर्जन किया गया।

## अभा पुजारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने देवकुमार

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय पुजारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर देवकुमार निर्वाणी का भव्य स्वागत किया गया। छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा के प्रदेश कार्यकारणी की बैठक विगत दिनों रायपुर के दुगधाधरी मठ मंदिर सत्संग भवन में महासचिव राकेश दास वैष्णव, प्रदेश सलाहकार देवकुमार निर्वाणी, इंद्रकुमार वैष्णव, सुरेन्द्र बैरागी, हरिदास वैष्णव की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक में देवकुमार निर्वाणी को अखिल भारतीय पुजारी संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी गई। प्रदेश पदाधिकारियों एवं कार्यकारणी सदस्यों ने मठ मंदिरों के सभी कार्यक्रमों में अखिल भारतीय पुजारी संघ का सहयोग करने का आश्वासन दिया। बैठक में संतोष वैष्णव, लाल बंधु वैष्णव, विश्व दास वैष्णव, महेन्द्र वैष्णव, संतोष वैष्णव, संदीप वैष्णव, निशा वैष्णव, निलिमा वैष्णव, यशोदा वैष्णव, राजेन्द्र, विजय, वैभव, धोबलराम दास वैष्णव, नंदकिशोर, राकेश, शत्रुधन, कविता, योगेश, गजेन्द्र, मोहन, राम के अलावा अन्य लोग शामिल थे।



## भारत छोड़ने और नहीं छोड़ने के बीच दूसरा कोई और रास्ता नहीं : सुचित्रा

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय कॉलेज के इतिहास विभाग द्वारा अगस्त क्रांति मनाई गई। मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि 9 जून 1942 को लुई फिशर से महात्मा गांधी ने कहा कि भारत छोड़ने और नहीं छोड़ने के बीच कोई दूसरा रास्ता नहीं है। क्रिप्स प्रस्ताव का असफल और एक-एक कर भारत छोड़ने से भारतीयों में निराशा फैल गई थी। ऐसी स्थिति में गांधीजी ब्रिटिश साम्राज्यवाद का रक्तहीन अंत कर एक नए युग की आक्रोश रखते थे।

विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि 7 अगस्त 1942 का कांग्रेस अधिवेशन बंबई में प्रारंभ हुआ। 08 अगस्त को महात्मा गांधी ने समिति के सामने अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन का ऐतिहासिक प्रस्ताव रखा। इस दौरान गांधीजी ने 70 मिनट तक भाषण दिया और ''करो या मरो'' का नारा जनता को दिया।



कार्यक्रम का संचालन करते सहायक प्राध्यापक हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर ने कहा कि सरकार की अनुमानसिक दमन चक्र में आंदोलन को दबा तो दिया, लेकिन छिपे रूप से आंदोलन चलता रहा। जिसका नेतृत्व अरूणा आसिफ अली, राममनोहर लोहिया तथा जयप्रकाश नारायण जैसे नेताओं ने किया। आभार प्रदर्शन हेमलता साहू द्वारा किया गया।






## खबर संक्षेप

### 2 पदों की संविदात्मक भर्ती निरस्त

**कवर्धा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के परिपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम के द्वारा डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल के 2 पदों पर संविदात्मक भर्ती किये जाने के लिए विज्ञापन क्रमांक 59/जि.वि.से.प्रा.(एलएडीसीएस) /2025 कबीरधाम 09 जनवरी 2025 को जारी किया गया था, उक्त विज्ञापन में डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल के 2 पदों को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

### सिर्फ चमक और गरज रहे है अंचल के बादल

**कवर्धा।** इन दिनो कवर्धा सहित अंचल का मौसम कई रूप दिखा रहा है। आलम ये है कि आसमान में चटक धूप खिल रही है तो कभी बदली छा रही है तो शाम ढलने के बाद तेज गर्जना के साथ बिजली चमक रही है। लेकिन इन सब के बीच बारिश नहीं हो रही है। बल्कि मौसम के इस मिजाज के बीच लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी तरफ अंचल के कई ईलाकों में धान की फसल के अनुरूप अभी तक अच्छी बारिश नहीं होने के कारण किसानो में चिंता व्याप्त है और वे लगातार आमसान की ओर टकटकी लगाए देख रहे हैं। लेकिन बादल हैं कि सिर्फ चमक और गरज रहे हैं।

ग्रामीणों व समाज के लोगों ने पुलिस प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, कार्वाई की मांग

# कांग्रेसियों पर शिव मंदिर व मां कर्मा माता परिसर के अपमान का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

ग्राम सारंगढ़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर एवं साहू समाज के आराध्य स्थल मां कर्मा माता परिसर में मूर्ति खण्डन होने की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं पर ग्रामीणों एवं समाज के लोगों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग को लेकर मंगलवार को पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में मंदिर समिति अध्यक्ष गौतरीहा, सुदर्शन साहू, रजनु साहू, मिलुराम साहू, गुमान साहू, अशोक, कुपलाल, गोपाल, लखन अनुज, तुलसी, चैतराम, इलाराम, मनीराम, रोजेश साहू सहित अन्य ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम सारंगढ़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर एवं साहू समाज के आराध्य स्थल मां कर्मा माता परिसर में मूर्ति खण्डित होने की सूचना पाकर 7 अगस्त को कांग्रेस कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जूते-चप्पल पहनकर प्रवेश करने जैसी आपत्तिजनक हरकत की गई। साथ ही क्षेत्र का माहौल खराब कर धार्मिक भावना भड़काने की अनाधिकृत कोशिश की गई जबकि मंदिर समिति ने इस विषय को संवेदनशीलता के साथ लेते हुए खंडित मूर्ति का विधिवत स्थापना करने और दोषियों के ऊपर कार्यवाही की मांग को लेकर पुलिस प्रशासन से एफआईआर कराने का निर्णय लिया था। ग्रामीणों एवं समाज के लोगों ने आरोप लगाते हुए बताया कि कांग्रेसियों के इस कृत्य से न केवल धार्मिक मर्यादा भंग हुई, बल्कि समाज की गहरी आस्था का भी अपमान हुआ है। इस गंभीर घटना से पूरे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। इसी मामले को लेकर मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं समाज के लोगों ने कवर्धा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि मंदिर और कर्मा माता जैसे पवित्र स्थलों पर की गई कांग्रेस कार्यक्रताओं की यह हरकत किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं की जाएगी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस कार्यकर्ता जानबूझकर धार्मिक स्थलों में जाकर माहौल बिगाड़ने और समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धा और धर्म के नाम पर राजनीति कर माहौल को दूषित करने का प्रयास बेहद निंदनीय है।

### दोषियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किए जाने की मांग



ग्रामीणों एवं समाज के लोगों ने पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर दोषी कार्यकर्ताओं पर नामजद अपराध पंजीबद्ध कर कठोर कार्रवाई किए जाने, मंदिर और कर्मा माता परिसर में धार्मिक मर्यादा भंग करने वाले सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी किए जाने, भविष्य में कोई भी राजनीतिक संगठन या व्यक्ति धार्मिक स्थलों की पवित्रता भंग न कर सके यह प्रशासन द्वारा सुनिश्चित किए जाने तथा मंदिरों व आराध्य स्थलों की सुरक्षा और निगरानी के स्थायी प्रावधान किए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सुदर्शन साहू, जगतारण साहू, अश्वनी साहू, रामेश्वर साहू, अख्खहन साहू, गिरवर साहू, मेख़लाल साहू, सालिक साहू, जुगरू साहू, गुलाब साहू, झाड़ू साहू, रज्जऊ साहू, थुकेल साहू, चंद्रमां साहू, मोहित साहू, मिलू साहू तहसील अध्यक्ष बोड़ला, पति राम साहू, लाला राम साहू, अनुज साहू, डेरहा साहू, कृत साहू, आकाश साहू, आशाराम साहू, शोभनाथ साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### ग्रामीण व समाज ने दी चेतावनी


ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा की मूर्ति खंडित करने वाले आरोपी के गिरफ्तार किए जाने सूचना मिली है अब मंदिर परिसर में चप्पल जूता पहनकर घुसने वाले तथा धार्मिक भावना को आहत करने वाले दोषियों पर तुरंत और ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो समाज व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन और दोषी व्यक्तियों की होगी। साहू समाज और ग्रामीण किसी भी हाल में आस्था पर राजनीति नहीं होने देंगे। धार्मिक स्थल समाज की आत्मा हैं, इनका अपमान कभी सहन नहीं किया जाएगा।

# ग्राम हरमो के शिव मंदिर में तोड़फोड़ का आरोपी गिरफ्तार, कांग्रेस ने स्थगित किया कवर्धा शहर बंद

- मंदिर में तोड़फोड़ के मामले में आरक्षक की पाई गई संलिप्ता, किया गया बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा


भोरमदेव थाना अंतर्गत ग्राम हरमो स्थित शिव मंदिर में प्रतिमा तोड़फोड़ की घटना को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 19 अगस्त को बुलाए गए कवर्धा शहर बंद को स्थगित कर दिया गया। गौरतलब है कि जिले के विकासखण्ड बोड़ला के भोरमदेव थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत कटगो के आश्रित ग्राम हरमो (सारंगढ़) में बीते दिनो स्थानीय शिव मंदिर एवं कबीर चबूतरा में तोड़फोड़ करने वाले अज्ञात असामाजिक तथा आपराधिक तत्व की घटना के करीब हप्ते भर से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी गिरफ्तारी नहीं किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने दो रोज पूर्व बकायदा सार्वजनिक सूचना जारी कर 19 अगस्त को कवर्धा शहर बंद करने का ऐलान किया था। लेकिन बताया जाता है कि कांग्रेस के प्रस्तावित कवर्धा शहर बंद के ठीक एक दिन पूर्व 18 अगस्त की देरशाम जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से इस बात की जानकारी सार्वजनिक की गई कि भोरमदेव थाना अंतर्गत ग्राम हरमो स्थित शिव मंदिर में प्रतिमा तोड़फोड़ की घटना के बाद थाना भोरामदेव में अपराध क्रमांक 34/25 धारा 298 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया था। जांच के दौरान आरोपी की पहचान कर ली गई है और इस मामले में आरोपी गौतरिहा यादव पिता डेरहाराम यादव आयु 69 वर्ष निवासी ग्राम राला पोस्ट व थाना बिरसा जिला बालाघाट हालमुकाम ग्राम हरमो जिला कबीरधाम को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी नशेड़ी प्रवृत्ति का है और उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।



साथ ही पुलिस अधीक्षक ने यह भी खुलासा किया कि मामले की जांच के दौरान मामले में पुलिस विभाग के आरक्षक क्रमांक 703 राजू वैष्णव की संलिप्तता भी पाई गई है। जिसके आधार पर दोषी आरक्षक के विरूद्ध भारतीय संविधान की धारा 311 के खंड 2 के उपखंड ख के अधीन प्रदत्त शक्तियों के तहत उसे तत्काल प्रभाव से शासकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार के कृत्यों में संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा और कानून के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। दूसरी तरफ पुलिस प्रशासन की इस कार्यवाही और अपनी मांग के अनुरूप ग्राम हरमो (सारंगढ़) के सनातनी आस्था के केन्द्रों में तोड़फोड़ करने वाले आरोपियों के विरूद्ध की गई कार्यवाही की जानकारी पुलिस अधीक्षक द्वारा सार्वजनिक किए जाने पर जिला कांग्रेस कमेटी ने 19 अगस्त को प्रस्तावित कवर्धा शहर बंद स्थगित कर दिया।

# करोड़ों की ठगी करने वाले कवर्धा के तीन मास्टरमाइंड गिरफ्तार

## 50 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी का खुलासा



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा


थाना कवर्धा पुलिस ने ठगी के बड़े गिरोह का पर्दाफाश कर तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 672/2024 धारा 420, 34 भादवि के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 30 अक्टूबर 2024 को प्रार्थी शिव सोनी निवासी कवर्धा ने थाना कवर्धा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दयेव डीवायपी ब्रदर्स कंसलटेंट प्राईवेट लिमिटेड निवेश किंग नामक कम्पनी के संचालक धर्मेश धुर्वे पिता नारायण प्रसाद धुर्वे उम्र 35 वर्ष, यतीन्द्र धुर्वे पिता नारायण प्रसाद धुर्वे उम्र 29 वर्ष एवं नारायण प्रसाद धुर्वे पिता स्व. लखनलाल धुर्वे उम्र 56 वर्ष, सभी निवासी वार्ड क्रमांक 11, मठपारा, कवर्धा ने 10 प्रतिशत प्रतिमाह लाभांश और एक वर्ष बाद मूल राशि लौटाने का झांसा देकर करोड़ों रुपए की ठगी की। इस पर थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 672/2024 धारा 420, 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया गया। लगातार कई दिनों की मेहनत, दस्तावेजी साक्ष्यों की जांच और विभिन्न जिलों में दबिश देने के बाद आरोपियों को आज 19 अगस्त 2025 को धरदबोचा गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों के ठिकानों से महत्वपूर्ण दस्तावेज और ठगी की रकम से खरीदी गई संपत्तियों के सबूत भी जब्त किए। अब तक की जांच में यह सामने आया है कि आरोपियों ने केवल कबीरधाम जिले में ही लगभग 1 करोड़ 39 लाख रुपये की ठगी की है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के बिलासपुर सहित अन्य जिलों में इनके खिलाफ कुल लगभग 50 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी के मामले सामने आए हैं। आरोपियों ने ठगी की रकम से बिलासपुर में 57 लाख रुपये की जमीन, कवर्धा में 1 करोड़ 10 लाख रुपये की भूमि, और टाटा हैरियर व अर्टिगा जैसी लग्ज़री गाड़ियां खरीदीं। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (आईपीएस) ने कहा आर्थिक अपराधियों के लिए छत्तीसगढ़ की धरती सुरक्षित नहीं है। निवेशकों को लूटने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजने का अनुरोध किया गया जा रहा है। कबीरधाम पुलिस की टीम ने कई जिलों में लगातार दबिश दी, बैंक ट्रांजेक्शन खंगाले और सबूतों को एक-एक कर जोड़ा, जिसके बाद यह बड़ी कार्रवाई संभव हो पाई। संपूर्ण कार्यवाही में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लालजी सिन्हा, थाना पांडातराई प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, साइबर प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा, सहायक उपनिरीक्षक सुरेश जायसवाल, कौशल साहू, दर्शन साहू, संजीव साहू, प्रधान आरक्षक चुम्मन साहू, अभिनव तिवारी, वैभव कल्चुरी, बालेश धुर्वे, आरक्षक लेखा चंद्रवंशी, संदीप शुक्ला, अमित ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कोलेगांव सब स्टेशन में नये 3.15 एमव्हीए के पॉवर ट्रांसफार्मर को किया गया क्रियाशील

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

कबीरधाम जिले के पंडरिया डिवीजन के ग्राम कोलेगांव में विद्यमान 33/11 केही उपकेन्द्र में 3.15 एमव्हीए के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया गया।

इस अवसर पर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट एवं अधीक्षण अभियंता कवर्धा वत्त रंजीत घोष ने इस कार्य को सफलतापूर्वक किए जाने पर ईई परियोजना आरके गोस्वामी, ईई एसटीएम एमके आर्या, सहायक अभियंता मनीष साहू, रविन्द्र राय, यशवंत कुमार ध्रुव, कनिष्ठ अभियंता सत्यम मरावी उनकी टीम की सराहना की है। गौरतलब है कि ग्रामीण अंचलों में समुचित वोल्टेज पर निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अन्तर्गत विद्यमान उपकेन्द्रों में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। विद्युत विकास के इस कार्य से कोलेगांव उपकेन्द्र की पॉवर क्षमता 8.15 एमव्हीए से बढ़कर 11.30 एव्हीए हो गया है।



विद्युत कंपनी के उच्चाधिकारियों के अथक प्रयासों से विद्युत विकास के लिए स्वीकृत इस कार्य से कोलेगांव उपकेन्द्र के परिधि में आने वाले अनेक गांवों के किसानों तथा उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। कवर्धा परियोजना संभाग के कार्यपालन अभियंता आरके गोस्वामी ने बताया कि कोलेगांव उपकेन्द्र में 50 लाख रुपए की लागत से स्थापित नए 3.15 एमव्हीए का अतिक्ति पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकरण से 10 ग्राम कोलेगांव, सेमरकोना, निगापुर, कुआमलगी, अमलीमलगी, सोमनापुर, भटगुसे, कंझेटा, कंझेटी, पथर्री 2530 उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा।

उक्त कार्य से लो वोल्टेज एवं लोड शेडिंग जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी।

# सांसद ने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात, महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण और स्वीकृति पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। वे संसद में महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने के साथ-साथ विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर जनता की समस्याओं और क्षेत्रीय मांगों से उन्हें अवगत कराते रहते हैं। इसी क्रम में उन्होंने हाल ही में दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान सांसद श्री पाण्डेय ने कवर्धा–राजनांदगांव राज्य मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित कर चौड़ीकरण की मांग रखी। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए चौड़ी सड़क की आवश्यकता है। सांसद ने इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग-30 रायपुर–जबलपुर मार्ग अंतर्गत कवर्धा में नया बायपास निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि कवर्धा शहर में लगातार ट्रैफिक का दबाव बढ़ रहा है, जिससे आम नागरिकों और राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ती है। बायपास निर्माण से यातायात सुगम होगा और शहरवासियों को राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त, सांसद श्री पाण्डेय ने प्रस्तावित लखनादौन–बालाघाट – लांजी – रायपुर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे" का मुद्दा भी उठाया। लगभग 200 किलो मीटर लंबे और 5700 करोड़ रुपए की लागत वाले इस मार्ग को शीघ्र प्रारंभ करवाने का उन्होंने अनुरोध किया। यह मार्ग मध्यप्रदेश के सिवनी जिले से प्रारंभ होकर बालाघाट व लांजी होते हुए रायपुर को जोड़ेगा। इससे न केवल छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बीच सड़क संपर्क और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पर्यटन और सामाजिक विकास के भी नए अवसर खुलेंगे।केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए कहा कि आवश्यक तकनीकी और प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी होते ही इन योजनाओं पर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर बालाघाट सांसद भारती पारधी भी उपस्थित थीं।



# श्रावणमासी संगीतमय रामायण कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी किसान पारा बड़े बाजार साहू धर्मशाला में श्रावण मासी संगीतमय रामायण कथा का आयोजन किया गया था, जिसमें मानस-प्रेमी श्रद्धालुओं द्वारा भावपूर्ण कथा-अमृत का रसपान किया गया। लोगों की श्रद्धा-भक्ति को देखते हुए कथा आयोजन समिति द्वारा श्रावन पूर्णिमा को होने वाली कथा-विश्राम को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी तक जारी रखा गया, जिसका कथा विश्राम जन्माष्टमी के दूसरे दिन हुआ। कथा श्रवण करने से हमे आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त होती है, आत्मा तृप्त होती हैं व अपने जीवन को कृतार्थ करते हैं। इससे हमारे परिवारिक व सामाजिक जीवन में सुख-शांति व समृद्धि आती है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर नगरवासियों में भारी उत्साह और उमंग देखने को मिला।

- नगरवासियों में भारी उत्साह और उमंग देखने को मिला

कथावाचक के रूप में पं. कृष्णकान्त शर्मा, चंद्रमौली शर्मा व सेवानिवृत शिक्षक सुदामा प्रसाद केशरी थे। संगीतपक्ष में गेंदलाल केशरी, भागवत साहू, सीताराम साहू, कथा-आयोजन में प्रमुख सहयोगी के रूप में जगदीश साहू, खेलन साहू, वृजभूषण साहू, सांवत साहू, राधेलाल साहू, रामगुलाम साहू, शिव साहू, दशरथ जायसवाल, सन्तोष पटेल, सखा पटेल के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु थे।

विकासखण्ड में स्वास्थ्य सेवाओं को मिला नया आयाम, लोगों को मिलेगी सुविधाएं

# स.लोहारा ब्लॉक की 10 स्वास्थ्य संस्थाएं राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक से प्रमाणित

हरिभूमि न्यूज ⏭स.लोहारा

सहसपुर लोहारा विकासखण्ड की स्वास्थ्य सेवाओं में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। विकासखण्ड के 10 आयुष्मान आरोग्य केन्द्र (स्वास्थ्य संस्थाएं) अब राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक से प्रमाणित हो चुकी हैं। सीएमएचओ डॉ. तुर्रे ने कहा कि यह उपलब्धि विकासखण्ड क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है और इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की साख और अधिक मजबूत हुई है। विकासखण्ड की साख में बढ़ोतरी, एनक्यूएएस प्रमाणन का अर्थ है कि इन स्वास्थ्य संस्थाओं में मरीजों की सुरक्षा, स्वच्छता, दवाओं और उपचार की उपलब्धता, प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों का सहयोग, स्टाफ का सकारात्मक व्यवहार, बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता तथा सेवा प्रदायगी की पारदर्शिता जैसे सभी पहलू उच्च स्तर पर सुनिश्चित किए गए हैं। इस प्रमाणन से कबीरधाम जिले का नाम न केवल राज्य स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी एक नई पहचान प्राप्त करेगा। सहसपुर लोहारा विकासखण्ड की खास भूमिका इस सफलता के पीछे सहसपुर लोहारा विकासखंड की विशेष भूमिका रही। यहां की स्वास्थ्य टीम ने लगातार प्रयास कर स्वास्थ्य संस्थाओं को गुणवत्ता मानकों पर खरा उतारा। प्रशिक्षण, संसाधनों का बेहतर उपयोग, नियमित निगरानी और मरीज-हितैषी वातावरण तैयार करना इस उपलब्धि की मुख्य नींव रही। जनप्रतिनिधियों और विभागीय प्रयासों का संयुक्त परिणाम, इस उपलब्धि को हासिल करने में जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों दोनों का अहम योगदान रहा। गृह मंत्री विजय शर्मा और क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा के मार्गदर्शन एवं सतत सहयोग ने इस कार्य को गति प्रदान की। वहीं, जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इसे जमीन पर उतारने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कलेक्टर गोपाल वर्मा , मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुर्रे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी, कंसल्टेंट डॉ. मुकुंद राव, एनक्यूएएस नोडल सुरेन्द्र चंद्रवंशी आरएमए, बीएमओ डॉ. योगेश साहू, बीपीएम सुश्री संगीता भगत,और बीडीएम जितेन्द्र देशमुख के नेतृत्व, मेहनत और समर्पण ने ही इस प्रमाणन को संभव बनाया। प्रमाणित संस्थाओं की सूची में आयुष्मान आरोग्य केन्द्र रणजीतपुर, आयुष्मान आरोग्य केन्द्र गैंदपुर, आयुष्मान आरोग्य केन्द्र्र सिंघनपुरी, आयुष्मान आरोग्य केन्द्र कोयलारी, आयुष्मान आरोग्य केन्द्र मोहगांव, आयुष्मान आरोग्य केन्द्र बाजार चारभाठा, आयुष्मान आरोग्य केन्द्र महराटोला, आयुष्मान आरोग्य केन्द्र गोछिया, आयुष्मान आरोग्य केन्द्र वीरेंद्रनगर तथा आयुष्मान आरोग्य केन्द्र दनियाखुर्द शामिल हैं। इससे ग्रामीण जनता को होगा सीधा लाभ, इन 10 संस्थाओं के राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित हो जाने से ग्रामीण जनता को अब अपने ही क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। गर्भवती महिलाएं, नवजात शिशु, बुजुर्ग और गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों को अब छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जिला अस्पताल का रुख नहीं करना पड़ेगा।



# एनएचएम संघ की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी, स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

18 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल में बैठक जिलेभर के एनएचएम की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। हड़ताली एनएचएम की माने उनके हड़ताल में जाने के बाद लगभग 80 प्रतिशत उप स्वास्थ्य केंद्र से लेकर जिला अस्पताल तक मरीज भटकते हुए नजर आ रहे हैं। किसी का खून जांच नहीं हो रहा है तो किसी को एक्स-रे के लिए भटकना पड़ रहा है। खासकर ग्रामीण और वनांचल ईलाकों में संचालित स्वास्थ्य केन्द्रों में व्यवस्थाएं प्रभावित होते दिखाई दे रही है। हड़ताली एनएचएम ने बताया कि सरकार के अड़ियल रवैया के कारण मजबूर होकर हड़ताल के दूसरे दिन भी बैठे हैं। उन्होने कहा कि कर्मचारी हड़ताल में शामिल नही होना चाहते थे पर शासन के अड़ियल रवैया के कारण हड़ताल में शामिल हुए हैं जिस कारण आज समस्त अस्पताल में ताला लगा हुआ है। वैक्सीनेशन तक नहीं हो पा रहा है। एनएचएम संघ का कहना है कि 20 वर्ष हो गया है आश्वाशन से अब तक बीपीएल वर्ग में काम कर रहे है। उन्होने चेतावनी देते हुए कहा कि इस बार आश्वासन से नहीं अब लिखित में आदेश चाहिए तभी हड़ताल से उठेंगे।



## समस्या: बस स्टैंड परिसर में अघोषित हाट-बाजार, जिम्मेदार बेपरवाह

# बस स्टैंड प्रतीक्षालय में दुकानदारों का अतिक्रमण, यात्रीगण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा शहर के हृदय स्थल सिग्नल चौक, वीर स्तंभ चौक के पास स्थित राजा धर्मराज सिंह बस स्टैंड इन दिनों अव्यवस्था और अतिक्रमण की मार झेल रहा है। प्रतीक्षालय परिसर जो यात्रियों की सुविधा के लिए बनाया गया था, वहां अवैध दुकानों और ठेला-खोमचों ने कब्जा जमा लिया है। नतीजा यह है कि बस से चढ़ने-उतरने और प्रतीक्षा करने में यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। असामाजिक तत्वों द्वारा किए जा रहे बेजा कब्जों के चलते बस स्टैंड परिसर में भीड़भाड़ बढ़ गई है और आवागमन बाधित हो रहा है। फल दुकानें और खोमचे सड़कों व प्रतीक्षालय क्षेत्र में फैल जाने से यात्रियों के लिए चलने-फिरने की जगह कम पड़ गई है। यात्रियों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण बसों के आगमन और प्रस्थान के समय अफरा-तफरी जैसी स्थिति बन जाती है। खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने प्रशासन से मांग की है कि बस स्टैंड परिसर से अवैध अतिक्रमण हटाकर यातायात को सुचारु बनाया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।



### बस स्टैंड प्रतीक्षालय परिषर में पीने का पानी उपलब्ध नहीं

शहर के बस स्टैंड प्रतिक्षालय परिषर में यात्री सुविधा की अभाव के साथ साथ यात्रियों को पीने के लिए पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। सफर पर जाते समय जो यात्री घर से पानी का इंतजाम करके नहीं ले गया उसे बोतल या पानी पाउच खरीदने मजबूर है।

### बस स्टैंड में गंदगी ही गंदगी, यात्री परेशान

जिले के बस स्टैंड प्रतिक्षालय भवन परिषर में साफ-सफाई के अभाव में बस स्टैंड में गंदगी ही गंदगी पसरा हुआ है। प्रतिक्षालय भवन परिषर में साफ-सफाई नहीं होने से गंदगी व बदबू से उठने वाली दुर्गंध से यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

# नाऊडीह में 11 बिजली पोल झुके राहगीरों के लिए खतरे की आशंका

- ग्रामीण रहवासियों ने जिम्मेदारों को मरम्मत और सुधार की मांग की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम नाऊडीह स्थित प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क किनारे 11 बिजली खंभे झुके होने से ग्रामीणों व राहगीरों के लिए खतरा की आशंका बनी हुई है। बताया जाता है कि खंभों के साथ-साथ बिजली केबल तार भी नीचे झूल रहे हैं, जिससे कभी भी सड़क के बीचों-बीच गिरने व छोटी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे रहा है। जिस पर ग्रामीण रहवासियों ने जिम्मेदारों व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा जल्द से जल्द सुधार कार्य की मांग की गई ताकि रहवासियों को अप्रिय घटना से बचाया जा सकें। यहां बताना लाजिमी होगा कि बिजली खंभे व केबल तार अब जमीन छूने को आतुर है, वहीं ग्रामीणों द्वारा सुधार कार्य की मांग को लेकर कई बार शिकवा शिकायत की गई लेकिन सुधार व मरम्मत के नाम पर जिम्मेदारों की भारी अनदेखी व अनियमितता का खामियाजा ग्रामीण व राहगीरों को भुगतना पड़ सकता है। मिली जानकारी के अनुसार बरसात व तेज आंधी-तूफान में खंभों और तारों के गिरने से छोटा बड़ा हादसा घटित होने की आशंका बनी हुई है। वहीं ग्रामीणों ने शासन प्रशासन और बिजली विभाग के पदाधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा शीघ्र मरम्मत कार्य की मांग की है, ताकि लोगों को खतरे से बचाया जा सके।



# शासकीय आयुर्वेदिक नर्स की नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी, आरोपी गिरफ्तार




**हरिभूमि पंडरिया।** पंडरिया थाना क्षेत्रांतर्गत प्रार्थी राजेश कुमार धुर्वे ने थाना पंडरिया आकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया की आरोपी पवन कुमार कुर्रे पिता दूजराम निवासी ग्राम दामापुर थाना पंडरिया द्वारा उसकी पत्नी को शासकीय आयुर्वेदिक नर्स की नौकरी लगाने के नाम पर अलग-अलग माध्यम से लाखों रूपए ले लिया है और आज दिनांक तक पैसा मांगने पर वापस नहीं कर रहा है। वही प्रार्थी द्वारा आवेदन देकर थाना पंडरिया में अपराध क्रमांक 175/2025 धारा 318 (4 ) दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल द्वारा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पुलिस भूपत सिंह के पर्यवेक्षक में थाना प्रभारी नितिन कुमार तिवारी द्वारा पवन कुमार कुर्रे पिता दूजराम कुर्रे को थाना पंडरिया में लाकर पूछताछ किया गया। पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी पवन कुमार कुर्रे एक शातिर किस्म का अपराधी है, वह इससे पूर्व में भी ठगी संबंधी अपराध घटित कर चुका है। आरोपी पवन कुर्रे के विरुद्ध इससे पूर्व में थाना कुकदुर में अपराध दर्ज किया जा चुका है, पवन कुर्रे ग्रामीण एवं जंगली क्षेत्र के पुरुष एवं महिलाओं को स्वयं आयुर्वेद डॉक्टर बनकर नौकरी लगाने का झांसा देता है, पतासाजी के दौरान पता चला कि आरोपी पवन कुर्रे ने अपना नाम बदलकर रेंगाखार क्षेत्र, झलमला क्षेत्र के ग्रामीण महिलाओं को नौकरी का झांसा दिया है और उनसे पैसे की वसूली की है जिससे संबंधित ग्रामीणों को थाना बुलाकर पूछताछ किया गया और सूचना को सही पाया गया। आरोपी द्वारा आसपास के क्षेत्र में किए गए अपराध की जानकारी एकत्रित की जा रही है, थाना पंडरिया पुलिस द्वारा आरोपी को अपराध का दोषी पाए जाने पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## खबर संक्षेप

### पीपरमाटी में दो दिवसीय श्रीराम नाम संकीर्तन का आयोजन 23 अगस्त से

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पीपरमाटी में 23 व 24 अगस्त दो दिवसीय भगवान श्रीरामचंद्र की असीम कृपा व समस्त ग्रामवासी के सहयोग से दो दिवसीय 24 घंटे का श्रीराम नाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समस्त ग्रामवासी पीपरमाटी द्वारा आसपास के ग्रामीण जनों व संकीर्तन मंडली को अधिक से अधिक संख्या में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने आमंत्रित किया गया। समस्त ग्रामवासियों ने श्रीराम नाम हरि संकीर्तन कार्यक्रम में उपस्थित होकर सहयोग की अपील की गई वहीं आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में खुशी का माहौल व तैयारी जोर शोर से की जा रही है।

### 17वीं वाहिनी में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया



**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत स्थित 17वीं वाहिनी में 79 वां स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त हर्षोल्लास, उमंग व उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सेनानी कमलेश्वर प्रसाद चंदेल द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं उप सेनानी प्रमोद गुप्ता श्रीमती मोनिका सिंह परिहार, सहायक सेनानी तथा बद्रीनाथ मिश्रा सहायक सेनानी व सभी शाखाओं के प्रभारी अधिकारी-कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिकों व बच्चों की उपस्थिति में राष्ट्रगान व भारत माता की जयकारे के साथ वीर शहीदों को पुष्पा अर्पित कर नमन किया गया। उन्होने आजादी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए त्याग, न्याय, शांति, सत्य के रास्ते पर चलने, देश में सद्भावना, सर्व-धर्म समभाव के सिद्धांत को बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। उप सेनानी द्वारा आमजन में देशभक्ति की भावना विकसित करने विभिन्न गतिविधियों व कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को उचित पुरस्कार एवं मोमेन्टों से पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में अधिकारियों कर्मचारियों का विशेष सहयोग व योगदान रहा।

# जिले में तीन दिवसीय खो-खो लींग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन 22 अगस्त से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा


छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो-खो एसोसिएशन एवं जिला खो-खो संघ कबीरधाम के संयुक्त तत्वाधान में पहली छत्तीसगढ़ खो-खो लींग का आयोजन 22 से 24 अगस्त तक कॉलेज ग्राउंड स्थित इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। आयोजन के प्रमोशन कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ खो-खो संघ श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल, जनपद सदस्य डॉ आनंद मिश्रा एवं शरद अग्रवाल की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर लींग का लोगो, खिलाड़ियों की टी-शर्ट और टेक्निकल ऑफिशियल्स की किट का अनावरण किया गया। डॉ आनंद मिश्रा ने सभी नगद पुरस्कार, ट्रॉफी व पदक प्रदान करने की घोषणा की गई। जबकि श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल ने आगामी नेशनल चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों को प्लेइंग किट उपलब्ध कराने की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को भी समापन समारोह हेतु आमंत्रित किया गया है। पहली खो-खो लींग में छत्तीसगढ़ के चुनिंदा बालक एवं बालिका खिलाड़ियों की कुल 8 टीमें हिस्सा लेंगी। अनुभवी कोच, निर्णायक और टेक्निकल ऑफिशियल्स की देखरेख में मैच खेले जाएंगे। मैचों का लाइव प्रसारण यूट्यूब पर होगा। इस बार नए नियमों के तहत वजीर, ड्रीमरन, पावर-प्ले और डीआरएस रिव्यू जैसी नवीन तकनीकें भी शामिल की गई हैं। विजेता टीमों को नगद पुरस्कार, ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने हेतु जिला खो-खो संघ की पूरी टीम सक्रिय है।



# मोहतरा कला में दो दिवसीय श्रीराम नाम संकीर्तन का भव्य आयोजन कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम मोहतरा कला में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भगवान प्रभु श्रीराम की कृपा से दो दिवसीय 24 घंटे श्रीराम नाम संकीर्तन का आयोजन 21 से 22 अगस्त तक किया जाएगा। जिसमें ग्राम आचार्य प्रहलाद तिवारी, राधे तिवारी, आयोजन जय महामाया बोल बम समिति एवं समस्त ग्रामवासी मोहतरा कला द्वारा आयोजित की जाएगी। जिसमें आसपास क्षेत्र के समस्त संकीर्तन मंडली को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई। वहीं श्रीराम नाम संकीर्तन में प्रथम पुरस्कार स्थान प्राप्त करने वाले टीम को 10001 रुपए श्रीमती वर्षा निलेश चंद्रवंशी सरपंच मोहतरा कला, द्वितीय पुरस्कार 8001 रुपए राजू चंद्रवंशी जय बाबा बैद्यनाथ कंट्रक्शन व तृतीय पुरस्कार 7001 रुपए रमेश चंद्रवंशी, चतुर्थ पुरस्कार 6001 रुपए रामचंद्र, पंचम पुरस्कार 5001 रुपए यशवंत चंद्रवंशी, छठवां पुरस्कार 4001 रुपए उमेश चंद्रवंशी तथा सातवां पुरस्कार 3001 रुपए ईश्वरी यादव उप सरपंच मोहतरा कला द्वारा दिया जाएगा।



# भोरमदेव शक्कर कारखाना प्रवेश द्वार के आसपास यात्री प्रतीक्षालय की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे किनारे स्थित भोरमदेव शक्कर कारखाना, इथेनॉल प्लांट और हाई स्कूल तक रोजाना भारी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं का आना-जाना होता है। ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला के स्थानीय लोगों का कहना है कि कवर्धा-बिलासपुर नेशनल मार्ग 30 में सुबह से देर रात तेज गति से बस, ट्रक एवं भारी वाहन हादसों का कारण बनते हैं।

वहीं दूसरी ओर यात्रियों को गर्मी और बरसात व ठंड में सड़क किनारे ही यात्री बस का इंतजार करना पड़ता है। यात्री प्रतीक्षालय के अभाव में क्षेत्रवासियों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है। जिस पर ग्रामीणों ने भोरमदेव शक्कर कारखाना प्रवेश द्वार के सामने यात्री प्रतिक्षालय, स्टॉपेज का नवनिर्माण की मांग की गई, जिससे न केवल स्कूल व कॉलेज जाने वाले छात्र छात्राओं एवं कर्मचारियों को सुविधा होगी, बल्कि गन्ना किसानों के लिए भी यह वरदान साबित होगा। जिस पर स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग कर जल्द से जल्द यात्री प्रतीक्षालय नव निर्माण कार्य कि मांग की है, ताकि हादसों की संभावना कम हो और यात्रियों को ठहरने की उचित सुविधा मिल सके।



# काशी में खिले सफेद फूल, ग्रामीणों ने माना बारिश की विदाई का संकेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

ग्रामीण क्षेत्रों के खेत-खलिहान, नहर-नाली और खेतों के मेड़ पर इन दिनों काशी के सफेद फूलों की बहार छा गई है। मानो प्रकृति ने खेतों और नदी-नालों पर सफेद चादर ओढ़ा दी हो। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार व परंपरागत मान्यता है कि काशी में सफेद फूलों का खिलना अर्थात वर्षा ऋतु की विदाई का संकेत होता है। मान्यता है कि जैसे-जैसे काशी सफेद फूल खिलते हैं, वैसे-वैसे झमाझम बारिश की झड़ी भी लगती है। किंतु इसके साथ ही यह भी माना जाता है कि इन फूलों के आने के बाद वर्षा धीरे-धीरे अलविदा कहने लगती है। हालांकि बदलते समय और वैज्ञानिक युग में अब यह कहावत पूरी तरह सही साबित नहीं होती।

ग्रामीणों किसानों से मिली जानकारी अनुसार पहले जहां काशी में सफेद फूल आने के बाद वर्षा थमने लगती थी, वहीं अब बरसात का सिलसिला लंबे समय तक खिंच जाता है। स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि गणेश चतुर्थी व विसर्जन और पितृ पक्ष में अक्सर बारिश अधिक होती है, जबकि वास्तविक विदाई दशहरा और दीपावली के आसपास ही मानी जाने लगी है। यही कारण है कि पारंपरिक मान्यताएं अब धीरे-धीरे बदल रही हैं और किसान भी असमंजस में पड़ जाते हैं।

## गौ सेवा के लिए सरकार को उठाना होगा बड़ा कदम, जिले में जल्द बनाएं गौ-अभ्यारण्य

# रिवापार में धान फसल को चट कर रहे मवेशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पोंड़ी

बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम रिवापार में किसानों की फसल में आवारा गौवंश किसानों के लिए बड़ी समस्या बन गए हैं। खेतों में खड़ी फसलों को गौवंशों का झुंड फसल को भारी नुकसान पहुंचा रहा है। किसानों से मिली जानकारी के अनुसार किसानों का कहना है कि कल सुबह में करीब 40 गौ-माता को गौशाला छोड़ने जा रहे थे, तभी बोड़ला पहुंचते ही बजरंग दल व बोड़ला पुलिस ने किसानों को गौशाला जाने से मना कर दिया, जिस पर किसानों ने कहा कि ये गौमाता के लिए आप ही लोग व्यवस्था कीजिए, इन गौ-माताओं से फसल की भारी नुकसान हो रहा है। जिस पर बजरंग दल के सदस्य पुलिस का धौंस दिखाते हुए गौवंश को वापस लौटा दिए। जिस पर किसानों का कहना है कि भारी फसल नुकसान हुआ है उन किसानो की फसल की भरपाई कौन करेगा? आखिर गौरक्षा व हमारी फसल की रक्षा किनकी जवाबदारी होगी आज यही गौ-माता रोड में इधर उधर भटकने मजबूर है। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार जंगल के खाली जगह में जल्द बनाए गौ अभ्यारण्य, जिससे गौमाता को रखने में सुविधा हो।

### गौवंश सड़क दुर्घटना के हो रहे शिकार

बोड़ला ब्लॉक के ग्राम रिवापार में गौ-माता के फसल में जाने से किसानों को भारी नुकसान हुई है। वहीं सड़कों पर गौवंश की जमावड़ा से गौमाता सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे है। आखिर गौ-रक्षा करेगा कौन? यहां बताना लाजिमी होगा कि किसानों की माने तो बारिश के महीने में पानी की कमी, ऊपर से जैसे-तैसे फसल को बचा कर रख लिया जा रहा है तो गौ माताओं से परेशानी हो रही है। अतः नुकसान दोनों तरफ से है। किसानों को है करे तो क्या करे? किसानों का कहना है कि सरकार लाखों खर्च कर महतारी सदन बना रहे, लेकिन समस्त मानव समाज, गौमाता को माता कह कर पुकारते हैं इनकी कोई व्यवस्था नहीं है। महतारी सदन की नहीं बल्कि गौ सदन की जरूरत है।

## आकर्षण...



**कवर्धा।** काशी के खिले सफेद फूल धरती पर सफेद चादर ओढ़ा दी है।